नई दिल्ली
नई दिल्ली, शनिवार 9 नवंबर 2019
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 23, अंक : 233
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 30.3
न्यून. 13.6

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

07 92 साल के हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता आडवाणी

खबर संक्षेप

पाक ने तोड़ा सीजफायर एक सैनिक की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तान की ओर से शुक्रवार को संघर्षविराम का उल्लंघन किया गया। इसमें एक सैनिक की मौत हो गई। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान ने पुंछ के कृष्णाघाटी सेक्टर में देर रात करीब ढाई बजे एलओसी के पास अग्रिम चौकियों पर गोलीबारी की जिसमें सेना का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारी ने बताया कि भारतीय सैनिकों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

भारत को नहीं मिली हॉकी पुरुष वर्ल्ड कप की मेजबानी

नई दिल्ली। हॉकी के पुरुष वर्ल्ड कप 2023 के लिए भारत को दोबारा से मेजबानी का मौका दिया गया है। इसी के साथ अब भारत लगातार दो वर्ल्ड कप टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला पहला देश बन गया है। हॉकी के इस बड़े टूर्नामेंट का आयोजन 13 से 29 जनवरी के बीच किया जाएगा। इससे पहले भारत ने 2018 में भुवनेश्वर में पुरुषों के हॉकी वर्ल्ड कप का आयोजन किया था। भारत अब 2023 में होने वाली पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा।

स्टेट बैंक ने जमा दरों में की भारी कटौती

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सभी परिपक्वता अवधि के ऋण पर सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) में 0.05 प्रतिशत तक कटौती करने की शुक्रवार को घोषणा की। इसके साथ ही बैंक ने जमा रकम की ब्याज दरों में 0.15-0.75 तक की भारी कटौती की है। नई दरें 10 नवंबर से लागू होंगी। बैंक ने चालू वित्त वर्ष में लगातार सातवीं बार कर्ज पर ब्याज दर में कटौती है।

नजरिया

महाराष्ट्र में सियासी खींचतान के बीच मुख्यमंत्री फड़णवीस ने दिया इस्तीफा

मेरे सामने नहीं हुई 50-50 पर बात: देवेंद्र

उद्धव बोले- शिवसेना झूठों की पार्टी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में सरकार बनाने को लेकर शुक्रवार की देर रात तक भाजपा व शिवसेना सहित अन्य दलों के बीच कोई समझौता नहीं हो पाने के कारण सरकार पर कोई ठोस बात नहीं बन सकी। वहीं सरकार गठन को लेकर जारी गतिरोध के बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने शुक्रवार को अपना इस्तीफा राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को सौंप दिया। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 10 नवंबर को समाप्त हो जाएगा ऐसे में अगर सरकार का गठन नहीं हुआ तो वहां राष्ट्रपति शासन लगना तय माना जा रहा है।

फड़णवीस ने इस्तीफा सौंपने के तुरंत बाद शिवसेना पर हमला बोला। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि चुनाव में हमें थोड़ी कम सीटें आईं। उद्धव ठाकरे ने अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि वह सरकार बनाने को तैयार हैं। मेरा भी मानना है कि यह जनादेश एनडीए को मिला है। मैं यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि ढाई-ढाई साल सीएम की कोई बात नहीं हुई थी। ना ही कभी यह तय हुआ कि ढाई-ढाई साल दो सीएम रहेंगे। फड़णवीस ने कहा मेरे सामने कभी भी 50-50 फॉर्मूले पर बात नहीं हुई। मैंने पार्टी अध्यक्ष अमित शाह और नितिन गडकरी से भी इस बारे में पूछा लेकिन उन्होंने भी सीएम पर 50-50 फॉर्म्युले पर किसी भी तरह के फैसले से इनकार किया। देवेंद्र फडणवीस के प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भी मीडिया को संबोधित किया और देवेंद्र फडणवीस के आरोपों पर जवाब दिया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पांच साल तक राजनीति की। उन्होंने कहा कि शिवसेना झूठों की पार्टी नहीं है, हम जुबान देते हैं तो निभाते भी हैं। हम जनता के लिए लड़ते हैं। हम किसी भी कीमत पर डिप्टी सीएम पद के लिए तैयार नहीं हैं।

राष्ट्रपति शासन की सिफारिश कर सकते हैं राज्यपाल

राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने नई सरकार बनने तक देवेंद्र फडणवीस को कार्यकारी मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया है ताकि सरकार बनाने की अन्य कोशिशों पर विचार किया जा सके। अगर सरकार के गठन को लेकर कुछ प्रगति नहीं होती है तो राज्यपाल महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लागू करने की सिफारिश कर सकते हैं। ऐसा होने पर 9 नवंबर के बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हो जाएगा। नियमों के अनुसार नई विधानसभा में नई सरकार नहीं बनने की सूरत में नवनियुक्त विधायक बतौर विधायक पद की शपथ नहीं ले सकते।

पवार अभी भी विपक्ष में बैठने पर अड़े

सरकार गठन के लिए समय खत्म होता देखकर शिवसेना नेता संजय राउत एकबार फिर से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार से मिलने पहुंचे। आपको बता दें कि शरद पवार साफ-साफ कह चुके हैं कि एनसीपी और कांग्रेस विपक्ष में ही बैठेंगी और वे शिवसेना को समर्थन नहीं देंगी।

कांग्रेस के सभी विधायक जयपुर शिफ्ट

विधायकों को टूटने से बचाने के लिए शिवसेना ने एक दिन पहले ही गुरुवार को अपने विधायकों को होटल में शिफ्ट कर दिया था। अब खबर है कि कांग्रेस पार्टी ने भी सभी 44 विधायकों को जयपुर भेज दिया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि हमारे विधायकों को भाजपा ने 25 करोड़ का ऑफर दिया। हालांकि भाजपा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

सीएम पद साझा करें तभी पास आएं: राउत

राज्यसभा सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर कहा कि भाजपा को शिवसेना के पास तभी आना चाहिए जब वह मुख्यमंत्री का पद अपनी सहयोगी पार्टी के साथ साझा करने के लिए तैयार हो। शिवसेना का दावा है कि दोनों पार्टियों ने लोकसभा चुनाव से पहले फरवरी में तय किया था कि राज्य में पदों की बराबर साझेदारी होगी। राउत ने यह भी कहा कि अगर मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस को लगता है कि उनके नेतृत्व में महाराष्ट्र में भाजपा की फिर से सरकार बना सकती है तो फड़णवीस को वह 'शुभकामनाएं' देते हैं।

सरकार ने गांधी परिवार की एसपीजी सुरक्षा ली वापस

नई दिल्ली। सरकार ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल और बेटी प्रियंका से एसपीजी सुरक्षा वापस ले ली है और अब उन्हें सीआरपीएफ की 'जेड प्लस' सुरक्षा दी जाएगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के परिवार को दी गई एसपीजी सुरक्षा वापस लेने का फैसला एक विस्तृत सुरक्षा आकलन के बाद लिया गया। लिट्टे के आतंकवादियों ने 21 मई 1991 को राजीव गांधी की हत्या कर दी थी। गांधी परिवार 28 साल बाद बिना एसजीपी सुरक्षा के रहेगा। उन्हें सितंबर 1991 में 1988 के एसजीपी कानून के संशोधन के बाद वीवीआईपी सुरक्षा सूची में शामिल किया गया था। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इकलौते शख्स होंगे जिन्हें एसपीजी सुरक्षा मिलती रहेगी। अधिकारी ने बताया कि गांधी परिवार की सुरक्षा सीआरपीएफ जवान करेंगे। जेड प्लस सुरक्षा में उन्हें अपने घर और देशभर में जहां भी वे यात्रा करेंगे, वहां के अलावा उनके नजदीक अर्द्धसैन्य बल के कमांडो की सुरक्षा मिलेगी।

■ अब सीआरपीएफ की 'जेड प्लस' सुरक्षा दी जाएगी

बिफरी कांग्रेस, बताया बीजेपी का निजी बदला

सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की एसपीजी सुरक्षा हटाने के केंद्र के फैसले की कांग्रेस ने तीखी आलोचना की है। पार्टी ने इसे मोदी सरकार की निजी बदले की कार्रवाई बताया है। गांधी परिवार के करीबी और कांग्रेस के सीनियर लीडर अहमद पटेल ने कहा कि इससे देश के उन 2 पूर्व प्रधानमंत्रियों के परिवारों की सुरक्षा के साथ समझौता हुआ है, जिन्होंने आतंक और हिंसा के खिलाफ कार्रवाई की थी।

अयोध्या केस पर सुप्रीम कोर्ट आज सुनाएगा ऐतिहासिक फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या के राम मंदिर बाबरी मस्जिद जमीन विवाद पर सुप्रीम कोर्ट आज (शनिवार) को ऐतिहासिक फैसला देने जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में दूसरी सबसे लंबी सुनवाई हुई। लगातार 40 दिन संवैधानिक बेंच बैठी और मैराथन सुनवाई के बाद 16 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित कर लिया गया था। अब फैसले की घड़ी आ गई है। शनिवार को छुट्टी के दिन सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच बैठेगी और फैसला सुनाएगी। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच शनिवार सुबह साढ़े 10 बजे फैसला सुनाएगी।

सीजेआई ने सुरक्षा बंदोबस्त का लिया जायजा

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद पर फैसला सुनाए जाने से पहले शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की।

जनवरी 2020 से एनईएफटी पर नहीं लगेगा शुल्क

मुंबई। नये साल में ग्राहकों को बैंकों की ओर से नयी सौगात मिल सकती है। जनवरी 2020 से ग्राहक को बैंकों से एनईएफटी के जरिये किये जाने वाले लेनदेन के लिये कोई शुल्क नहीं देना होगा। नोटबंदी की तीसरी वर्षगांठ पर डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक ने इस संबंध में एक प्रस्ताव पेश किया है। केंद्रीय बैंक ने पार्किंग और पेट्रोल पंपों पर भुगतान के लिये फास्ट टैग का इस्तेमाल करने के लिये जरूरी व्यवस्था किये जाने का प्रस्ताव रखा है।

तीस हजारी हिंसा: सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ताली एक हाथ से नहीं बजती

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस और वकीलों के बीच छिड़ा विवाद सातवें दिन भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। डीसीपी मोनिका भारद्वाज के साथ धक्का-मुक्की का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने और तूल पकड़ लिया है। ये ही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट को भी इस मामले में बोलना पड़ा। शुक्रवार को अदालत ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि ताली एक हाथ से नहीं बजती है। हमें सब पता है। हम किसी वजह से चुप हैं।

दरअसल ओडिशा में भी वकीलों का कुछ विवाद चल रहा है। शुक्रवार को इस विवाद की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही थी। सुनवाई के दौरान एक वक्त ऐसा आया कि जब जजों ने तीस हजारी मामले का जिक्र करते हुए जिरह कर रहे वकीलों से कहा कि एक हाथ से ताली नहीं बजती। हम और अधिक कुछ नहीं कहना चाहते हैं।

■ कहा, समस्या दोनों तरफ से हैं, बेहतर है हम कुछ न कहें

सीएम केजरीवाल ने किया फैसला

दिल्ली में 11-12 नवंबर को लागू नहीं होगा ऑड-ईवन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने ऐलान किया है कि गुरुनानक देव जी के 550वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में 11 और 12 नवंबर को ऑड-ईवन लागू नहीं होगा। सीएम अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में यह फैसला किया गया। दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेस में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि गुरुनानक देवी जी के प्रकाशपर्व के अवसर पर ऑड-ईवन से छूट दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने तीर्थ यात्रा योजना के तहत करतारपुर साहेब जाने वाले श्रद्धालुओं को दिल्ली सरकार की तरफ से मदद देने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सरकार यह यात्रा मुफ्त में करवाएगी और अन्य खर्च भी वहन करेगी।

आईएमए पोंजी घोटाला मामले में कसा शिकंजा

सीबीआई ने कर्नाटक, उप्र में 15 स्थानों पर मारे छापे

नई दिल्ली। सीबीआई ने आई-मोनेटरी एडवाइजरी (आईएमए) पोंजी घोटाले के संबंध में कर्नाटक पुलिस के कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के परिसर समेत कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में 15 स्थानों पर शुक्रवार को छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी की बहु अनुशासनिक टीमों ने बेंगलुरु में 11 स्थानों और मांड्या, रामनगर, बेलगाम तथा मेरठ में एक-एक स्थान पर तलाशी ली। उन्होंने बताया कि टीम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, फॉरेंसिक ऑडिटर, कम्प्यूटर फॉरेंसिक विशेषज्ञ, बैंकर और विभिन्न अन्य नियामक विभागों के अधिकारी शामिल थे। तत्कालीन आईजी आर्थिक अपराध शाखा सीआई हेमंत निंबलकर, सीआईडी के उप पुलिस अधीक्षक ईबी श्रीधर, तत्कालीन डीसीपी पूर्व बेंगलुरु अजय हिलोरी, कमर्शियल स्ट्रीट पुलिस थाने के इंस्पेक्टर सहित के आवासों पर छापे पड़े।

500 से अधिक भारतीय तीर्थयात्रियों का पहला जत्था होगा रवाना

आज खुलेगा करतारपुर गलियारा, हरी झंडी दिखाएंगे पीएम

एजेंसी ▶▶ डेरा बाबा नानक (पंजाब)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करतारपुर गलियारे के रास्ते पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब जाने वाले 500 से अधिक भारतीय तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पाकिस्तान के पंजाब में नारोवाल जिले में करतारपुर तक जाने वाले कॉरिडोर को गुरू नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व के अवसर पर आज खोला जाएगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान 12 नवंबर को गुरु नानक की 550वीं जयंती से पहले इस गलियारे का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर यात्री टर्मिनल भवन का भी उद्घाटन करेंगे जिसे एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) भी कहा जाएगा। तीर्थयात्री 4.5 किलोमीटर लंबे नवनिर्मित कॉरिडोर से जाने के लिए यहीं से मंजूरी प्राप्त करेंगे, जो भारत के पंजाब में डेरा बाबा नानक गुरुद्वारे को करतारपुर स्थित दरबार साहिब से जोड़ेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उद्घाटन समारोह से पहले मोदी सुल्तानपुर लोधी में बेर साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेकेंगे। बाद में वह डेरा बाबा नानक में एक सार्वजनिक समारोह में हिस्सा लेंगे। आईसीपी की जांच चौकी के उद्घाटन से भारतीय तीर्थयात्रियों को करतारपुर साहिब जाने में सुविधा होगी।

उद्घाटन दिवस पर भी श्रद्धालुओं से शुल्क लेगा पाक

पाकिस्तान ने यू-टर्न लेते हुए भारत को बताया कि वह आज (शनिवार) को भी गुरुद्वारा दरबार साहिब आने के लिए करतारपुर गलियारे से गुजरने वाले प्रत्येक श्रद्धालु से 20 डॉलर का सुविधा शुल्क लेगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने गत सप्ताह एलान किया था कि नौ नवंबर को कोरिडोर के उद्घाटन वाले दिन और सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 550वीं जयंती पर श्रद्धालुओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने प्रधानमंत्री इमरान खान के कथन का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को पुष्टि की थी कि उद्घाटन वाले दिन और 12 नवंबर को शुल्क से छूट होगी।

श्रद्धालुओं को मुफ्त में करतारपुर साहिब के दर्शन कराएगी दिल्ली सरकार

दिल्ली मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को सैद्धांतिक रूप से श्रद्धालुओं को मुफ्त में पाकिस्तान के करतारपुर स्थित ननकाना सहिब गुरुद्वारे का दर्शन कराने का फैसला लिया। यह सुविधा 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के तहत दी जाएगी। यह फैसला मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। केजरीवाल ने कहा कि करतारपुर साहिब के दर्शन पर आने वाले खर्च को सरकार वहन करेगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा कराने के लिए पूर्ण रूप से वित्तपोषित योजना इस साल जुलाई में लागू की थी और मौजूदा समय में 12 तीर्थस्थलों को दर्शन की सूची में रखा गया है।

खबर संक्षेप

पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर लुटेरा

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। पश्चिमी जिले की एएटीएस ने मादीपुर जेजे कालोनी निवासी करण उर्फ मदारी को गिरफ्तार किया है। इस पर लूटपाट के मामले दर्ज थे। पुलिस ने इसके पास से चोरी की स्कूटी और तीन चोरी के मोबाइल फोन बरामद किये हैं। पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी से लूट, चोरी और वाहन चोरी के पांच केस सुलझाने का दावा किया है। ये मामले नांगलोई मेट्रो, ख्याला, विकासपुरी, और जनकपुरी थानों के बताये गये हैं। गुरुवार को इसे तिलक नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया।

17 वर्षीय लड़के ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। गोकुलपुरी थाना इलाके में 17 वर्षीय लड़के ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक का नाम चांद है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, चांद, गली नंबर-पांच, गोकलपुरी में सपरिवार रहता था। परिवार में पिता रियाजु अली और मां है। वह परिवार में इकलौता बेटा था। उसके पिता सिलाई का काम करते है। वह लुधियाना में कपड़ों का काम करता था। पिता ने बताया कि करीब एक माह पूर्व वह घर उनसे मिलने आया था। इस दौरान उनकी तबियत खराब थी तो उन्होंने चांद को रोक लिया। बृहस्पतिवार रात करीब 9:30 उन्होंने देखा कि वह चुन्नी के सहारे से झुल रहा था। परिजन उसे लेकर अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया।

तीस हजारी बवाल: भीड़ से बचकर बाहर निकलते समय का वीडियो आया था सामने

वकीलों के सामने हाथ जोड़, विनती करती डीसीपी का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की डीसीपी मोनिका भारद्वाज ने तीस हजारी कोर्ट में हुई हिंसक झड़प की घटना पर कोई प्रतिक्रिया देने से इनकार करते हुए कहा है कि वह जांच समिति के सामने कोर्ट में हुई पूरी घटना की जानकारी देंगी। तीस हजारी कोर्ट में हिंसक झड़प के दो और वीडियो शुक्रवार को सामने आए हैं। इनमें एक वीडियो नॉर्थ जिले की डीसीपी मोनिका भारद्वाज का है और दूसरा एडिशनल डीसीपी हरेंद्र कुमार का है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि हिंसक प्रदर्शन के बाद डीसीपी मोनिका भारद्वाज कुछ पुलिसकर्मियों के साथ भागकर मौके पर जा रही है। लेकिन दूसरी तरफ से वकीलों की भीड़ उन पर हावी होने का प्रयास कर रही है। भारद्वाज उन्हें समझाने के लिए बाकायदा हाथ जोड़कर विनती कर रही है। दूसरे वीडियो में हरेंद्र कुमार अपने दल बल के साथ वकीलों की भीड़ को संभालने की कोशिश करते नजर आ रहे है। कुछ वकील उन पर हमला भी करने का प्रयास करते दिखते हैं। उधर अब दिल्ली पुलिस को अपने रिटायर्ड अफसरों का साथ भी मिल रहा है। तीस हजारी अदालत में मचे उपद्रव के दौरान का ही यह दूसरा वीडियो है। इसमें डीसीपी नॉर्थ मोनिका भारद्वाज भागकर वहां पहुंची हैं जहां आग लगी थी। इसी बीच सामने से वकीलों की भीड़ उनकी तरफ आती है जिनसे डीसीपी हाथ जोड़ती दिख रही हैं। तभी वहां धक्का-मुक्की होने लगती है। इस घटना पर अब राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान ले लिया है। चेयरपर्सन रेखा शर्मा ने इसकी जांच की मांग की है। उनका कहना है कि डीसीपी से बदसलूकी करने वालों के खिलाफ भी अलग से केस दर्ज होना चाहिये। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह उनकी टोपी तक निकल गई। उसी भीड़ में से कुछ लोग महिला अफसर को बाहर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। महिला अफसर उस वक्त बदहवास हालत दिखाई दे रही हैं। उनसे पहले कई पुलिस वाले भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि महिला अफसर के स्टाफ के साथ भी मारपीट की गई थी। मोनिका भारद्वाज के साथ हुई धक्का-मुक्की और बदसलूकी के मामले में अब दिल्ली महिला आयोग ने ज्वाइंट कमिश्नर को नोटिस जारी किया है। दिल्ली महिला आयोग ने मामले में की गई कार्रवाई पर भी जवाब मांगा है।

■ दिल्ली पुलिस को अब मिला रिटायर्ड अफसरों का साथ

डीसीडब्ल्यू ने डीसीपी मोनिका भारद्वाज पर हमले के मामले में मांगी कार्रवाई की रिपोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने शुक्रवार को पुलिस को नोटिस जारी कर उससे तीस हजारी अदालत परिसर में पिछले हफ्ते झड़प के दौरान डीसीपी मोनिका भारद्वाज पर कथित रूप से हुए हमले के मामले में की गयी कार्रवाई का ब्योरा मांगा। आयोग ने पुलिस को 13 नवंबर तक रिपोर्ट देने को कहा है। शनिवार को हिंसा में कम से कम 20 पुलिस कर्मी और कई वकील घायल हो गये थे। संयुक्त पुलिस आयुकत (मध्यक्षेत्र) को भेजे नोटिस में डीसीडब्ल्यू ने कहा कि उसने सोशल मीडिया पर छाये वीडियो का स्वतः संज्ञान लिया है जिसमें पुरूषों की हिंसक भीड़ डीसीपी मोनिका पर हमला करती हुई नजर आ रही है। इस घटना के एक अन्य कथित वीडियो में यह अधिकारी वकीलों के एक समूह से हिंसा नहीं करने की गुजारिश करते हुए नजर आ रही है लेकिन समूह उनकी बात पर ध्यान नहीं देता है।

दिल्ली पुलिस और वकीलों के बीच हुए विवाद पर एनसीडब्ल्यू सख्त

नई दिल्ली। बीते 2 नवंबर को तीस हजारी कोर्ट में दिल्ली पुलिस और वकीलों के बीच हुए विवाद पर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए दिल्ली पुलिस कमीशनर अमूल्य पटनायक और बार काउंसिल के अध्यक्ष एम.के.मिश्रा को पत्र लिखकर मामले पर जल्द से जल्द कार्रवाई कर एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपने को कहा है। एनसीडब्ल्यू के मुताबिक शुक्रवार को आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने उक्त वरिष्ठ अधिकारियों को दो पत्र भेजे हैं। जिसमें इस घटना को लेकर बीते कई दिनों से लगातार मीडिया में प्रचारित, प्रसारित की जा रही खबरों के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई करने का जिक्र किया गया है। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने अपने पत्र में दिल्ली पुलिस कमीशनर और बार काउंसिल के अध्यक्ष सी.के.मिश्रा के समक्ष 2 नवंबर की इस विवादपूर्ण घटना की कड़ी निंदा करते हुए मामले पर दर्ज की गई एफआईआर की स्वतंत्र रुप से विस्तृत जांच करने की सिफारिश की है।

जितेंद्र गोगी गैंग का शार्प शूटर चढ़ा एएटीएस के हत्थे

■ 14 अक्टूबर को स्पेशल सेल में हुई मुठभेड़ में बचकर भाग गया था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ईस्ट डिस्ट्रक्टि के एएटीएस विभाग ने जितेंद्र गोगी गैंग के शार्प शूटर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम प्रदीप उर्फ काला (32) है। पुलिस की माने तो आरोपी महेंद्रा पार्क इलाके में एक अन्य गैंगस्टर के घर के बाहर गोलीबारी करने के मामले में वॉटेंड था। गत 14 अक्तूबर को स्पेशल सेल के साथ हुई मुठभेड़ में आरोपी मौके से बचकर भाग गया था। पुलिस ने इसके पास से एक पिस्टल व तीन कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है

डीसीपी (ईस्ट) जसमीत सिंह के मुताबिक, गत दो नवंबर को एएटीएस विभाग सूचना मिली थी कि ईडीएम के सामने वाली एमसीडी की पार्किंग में जितेंद्र गोगी गैंग का शार्प शूटर आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अपना जाल बिछा लिया और आरोपी के मौके पर आते ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से पिस्टल व कारतूस मिले। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि गत 23 मई 2019 को उसने गैंग के कुछ और सदस्यों के साथ मिलकर महेंद्रा पार्क में रहने वाले नरेश नामक एक अन्य गैंगस्टर के घर पर 10-15 गोलियां चलाई थी। इस मामले में वह वॉटेंड था। गत 14 अक्टूबर को स्पेशल सेल ने एनकांउटर के बाद उसके साथ तुषार को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन वह मौके से भाग गया था।

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS

केन फिन होम्स लिमिटेड

प्लॉट नं. सी 3, केनरा बैंक सैक्टर 1, नोएडा 201301
सामान्य : 0120–2970164/65/67 ई–मेल : noida@canfinhomes.com
वेब : WWW.canfinhomes.com CIN: L85110KA1987PLC008699

कब्जा सूचना नियम 8(1)

(अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने केन फिन होम्स लिमिटेड, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 08.07.2019 को जारी की थी जिसमें कर्जदार श्री विनोद कुमार एवं श्रीमति सोनिया से सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि रू. 12,00,970.00 (रूपये बारह लाख नौ सत्तर मात्र) तक ब्याज के साथ, उक्त सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर, चुकाने की मांग की गई थी।

कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा दिनांक 06 नवम्बर 2019 को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

विशेष रूप से कर्जदार को तथा सामान्य रूप से जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार केन फिन होम्स लिमिटेड, की बकाया राशि राशि रू.12,00,970/– (रूपये बारह लाख नौ सौ सत्तर मात्र) तथा उस पर आगे ब्याज, के प्रभाराधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

प्लॉट न. जी–52 एव 53 फ्लैट न. एफएफ–4, प्रथम तल बालाजी इन्क्लेव गाव–रईसपुर, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद–201005
पूर्व :फ्लैट एफएफ 3 का अगला हिस्सा, पश्चिम : अन्य सम्पत्ति, उत्तर : प्रवेश/सीढ़ियां, दक्षिण : प्लॉट नं. जी–51

तिथि : 06/11/2019
स्थान : नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी,
केन फिन होम्स लिमिटेड

व्यापारियों में भरोसा कायम रखने के लिए केन्द्र सरकार को जो भी करना पड़ेगा करेगी : तिवारी

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली। व्यापारियों में भरोसा कायम रखने के लिए केन्द्र सरकार को जो भी करना पड़ेगा सरकार करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत उदय का जो अभियान चलाया है उससे देश के व्यापारियों को अभयदान मिलेगा और वह निर्भय होकर न सिर्फ अपने व्यापार को बल्कि देश के विकास को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए काम करेंगे। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने उक्त बाते भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की ओर से यमुना स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में व्यापारियों के लिए आयोजित सम्मेलन के दौरान कहीं। वहीं, सांसद विजय गोयल ने कहा कि मोदी सरकार ने व्यापारियों को कई करों से मुक्ति दिलाई और व्यापारियों तथा बैंकों को नजदीक लाये। वहीं, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि भाजपा हमेशा व्यापारियों के साथ खड़ी रही है। सांसद गौतम गंभीर ने कहा कि मैं खुद एक व्यापारी परिवार से हूँ इसलिए आप सभी की हर परिस्थिति से वाकिफ हूं।

प्याज की आवक...

नई दिल्ली। आजादपुर मंडी में प्याज की छटाई करते विक्रेता।

एनकाउंटर में पकड़े गये बदमाश 105 मामलों में मिले लिप्त

नई दिल्ली। दक्षिणी जिले की साकेत पुलिस ने गत दिनों मयूर विहार इलाके में एनकाउंटर के बाद दबोचे चार शातिर सेंधमारों का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास मिला है। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने 105 मामले सुलझाने का दावा किया। गिरफ्तार किये गये चारों आरोपियों के नाम शेख सैफूद्दीन, वसीम अकरम उर्फ लंबू, मुमताज और अनवर बताये गये हैं। इनके पास से एक कार, एक देशी कट्टा, दो कारतूस, दो कटर और हजारों रुपये नकदी बरामद हुई थी।

हथियारबंद वाहन चोर धरा

नई दिल्ली। द्वारका जिले की नजफगढ़ पुलिस ने एक वाहन चोर को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इसे नाइट पिकेट चैकिंग में पकड़ा गया। इसके पास से मारुति ईको कार बरामद हुई है। कार चोरी की बताई गई है। आरोपी का नाम गीतांजलि पार्क, सागरपुर निवासी सूरज है और वह दो अन्य मामलों में भी शामिल पाया गया है। पुलिस ने इसे जय विहार, गंदा नाला नजफगढ़ से गिरफ्तार किया।

लूट का विरोध करने पर युवक को मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रनहौला थाना इलाके में लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने एक युवक पर चाकू व ब्लेड से हमला कर दिया। वारदात के बाद बदमाश युवक को लूटकर मौके से फरार हो गया। घटना के दौरान युवक एटीएम से कैश निकाल कर मार्केट से सब्जी लेने जा रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस युवक को घायल अवस्था में लेकर अस्पताल गई, जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। घायल युवक का नाम संजीव कुमार है। पुलिस ने संजीव की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खजूरी खास थाना इलाके में मंगलवार को एक तेज रफ्तार ऑटो बाइक सावर 35 वर्षीय शख्स को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के दौरान शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां घुटने पर टांके व इंजेक्शन लगने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें छुट्टी दे दी। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने पीड़ित के कूल्हे के दर्द को गंभीरता से नहीं लिया। बाद में उन्हें आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पता चला कि उनके पैर की हड्डी टूटकर उनके कूल्हे में घुस गई है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित, मुस्तफाबाद इलाके में सपरिवार रहते हैं। वह एक कंपनी में काम करते हैं। मंगलवार देर रात करीब एक बजे वह काम खत्म कर के घर लौट रहे थे। जैसे ही वह खजूरी चौक पर पहुंचे, तभी एक ऑटो वाले ने उन्हें टक्कर मार दी।

सभी डीसीपी और एसएचओ को पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश

अयोध्या फैसले से पहले दिल्ली पुलिस भी हुई चौकन्नी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अयोध्या मामले में फैसला आने से पहले शुक्रवार को दिल्ली पुलिस द्वारा एक एडवायजरी जारी की गई है। इसमें सभी डीसीपी और एसएचओ को इलाकों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने और किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने की मुमकिन सुरक्षा तैयारियां पूरी करने की बात कहीं गई है। अडिशनल पीआरओ अनिल मित्तल द्वारा इस संबंध में मीडिया को जानकारी दी गई। लोकल पुलिस ने भी माहौल को भांपते हुए अपने अपने स्तर पर अतिरिक्त सतर्कता के लिए पुख्ता इंतजाम शुरू कर दिए हैं। पुलिस का आशंका है कि शरारती तत्व धार्मिक सौहार्द को बिगाड़ सकते हैं। इसलिये धार्मिक जगहों की सुरक्षा में अतिरिक्त बल तैनात किया जा रहा है। पुलिस को हर रोज धार्मिक गुरुओं के साथ पब्लिक मीटिंग करने को कहा गया है। सूत्रों के मुताबिक, ये ज्यादातर वे थाना एरिया हैं जहां आपसी सौहार्द बिगड़ने की आशंका प्रबल रहती है। इनमें जाफराबाद, हौजकाजी, पुरानी दिल्ली, जामा मस्जिद, ओखला, जामिया, सीलमपुर, त्रिलोकपुरी शामिल हैं। अलग-अलग थानों की लोकल पुलिस ने आला अफसरों को पैरा मिलिट्री फोर्स की कंपनी उपलब्ध कराने के भी निर्देश जारी किये गये हैं। इनमें सबसे ज्यादा अति संवेदनशील इलाके जाफराबाद व हौजकाजी है। यहां पिछले दिनों में कई बार सांप्रदायिक तनाव व हिंसक झड़पें हो चुकी है। हाल में एक मंदिर में तोड़फोड़ हो चुकी है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस इलाके में चौकसी बरती जा रही है। 1992 में भी हौजकाजी इलाके में सांप्रदायिक तनाव फैल गया था, जिसमें उस वक्त दो एफआईआर दर्ज हुई थीं।

पीएम मोदी ने किया अनधिकृत कॉलोनियों के प्रतिनिधियों को संबोधित

'जब दिल्ली का भाग्य बदलेगा तो हिन्दुस्तान का भी भाग्य बदलेगा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपने निवास पर अनधिकृत कॉलोनियों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुये कहा कि जब दिल्ली का भाग्य बदलेगा तो हिन्दुस्तान का भी भाग्य बदलेगा। प्रधानमंत्री उदय योजना से दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक मिलेगा जिससे पूरी दिल्ली का भाग्य बदलेगा।

हम आए तो हमने किया काम

पीएम मोदी ने कहा कि आपने देखा है कि देश आजाद होने से लेकर आज तक एक ऐसी परंपरा बन गई थी, जिसमें लटकाना, अटकाना और भटकाना शामिल थे। कोई निर्णय ही नहीं किया जाता था, बस लटकाये रहते थे कि कोई और आएगा तो वो करेगा। जब 2014 में हमारी सरकार बनीं तब से हम इसके लिए ऐसे रास्ते खोज रहे थे। कुछ आशा थी कि स्थानीय सरकारें कुछ जिम्मेदारी उठाएगी, लेकिन सारे प्रयास, सारे प्रयोग कहीं न कहीं उलझते रहें। आखिरकर यह तय किया की कोई करे या न करे, कोई जिम्मेदारी उठाए न उठाए हम गैरजिम्मेदार नहीं बन सकते हैं। सरकार में से जितने अफसर देने पड़ेंगे वो देंगे, सर्वे के लिए जितने लोगों को लगाना पड़ेगा लगाएंगे। भारत सरकार पूरी जिम्मेदारी के साथ इस काम को पूर्ण करेगी। सरकारी व्यवस्था के अलावा भाजपा के सभी जिम्मेदार कार्यकर्ता भी इसकी नीति बनाने में सक्रिय रहे। लेकिन मैं सबको यही मंत्र देता था कि नीति ऐसी बनेगी, जिसकी आत्मा होगी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास।

दिल्लीवालों के लिए दो दिवाली आई : हरदीप पुरी

पीएम मोदी ने कहा कि इस बार दिल्ली वालों के लिए दो दिवाली आईं क्योंकि कुछ लोगों का जन्म ही अनधिकृत कॉलोनी में हुआ, जीवन में सपने देखने का समय आया तो तलवार लटकी रहती थी कि कब कोई आकर मकान पर बुल्डोजर चला देगा, लेकिन आप सभी ने धैर्य नहीं खोया, जो भी व्यवस्था थी उसका सहयोग किया, लेकिन लोगों ने आधे अधूरे प्रयास किये। राजनीतिक गणित के तहत कुछ चीजें की गई, लेकिन परिणाम नहीं मिले। आप सभी को हर सरकार से आशा होती थी कि अब हमारा काम सफल होगा, लेकिन सभी चुनाव के बाद भूल गये। लेकिन हमने ऐसी व्यवस्था दी जिसमें सभी को हक मिले।

एक ही झटके में आया ऐतिहासिक फैसला

केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पीएम मोदी ने एक झटके में ही 23 अक्टूबर, 2019 को एक ऐसा फैसला लिया जिससे अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक दे दिया। अब आप लोग बैंकों से ऋण ले पायेंगे, आपके जीवन में सुधार होगा, दिल्ली में सुधार होगा। मोदी की प्रबल इच्छाशक्ति व लोक कल्याणकारी क्षमता के कारण उक्त कॉलोनियों में रह रहे 40 लाख से अधिक लोगों को उनके घर का मालिकाना हक देने का ऐतिहासिक निर्णय केन्द्र सरकार ने लिया है। यह अभूतपूर्व निर्णय लाखों नागरिकों के जीवन स्तर को सुधार कर उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़गा।

कांग्रेस ने भटकाया, आप ने अटकाया और मोदी ने कर दिखाया : तिवारी

नई दिल्ली। प्रदेश कार्यालय में आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुये दिल्ली भाजपा अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों ने एक लम्बा संघर्ष किया। कभी कांग्रेस तो कभी आम आदमी पार्टी (आप) की तरफ आशावादी होकर अपनी बातें रखी, लेकिन 15 साल कांग्रेस ने भटकाया, 5 साल आप ने लटकाया और 100 दिन के भीतर पीएम मोदी की सरकार ने वो करके दिखाया जो आज तक सभी को नामुमकिन लगता था। उक्त कॉलोनियों में रह रहे 40 लाख से अधिक नागरिक नारकीय यातनाएं झेलने के लिए विवश थे, लेकिन कांग्रेस और आप अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने में लगी थी। एक ही निर्णय से उक्त कॉलोनियों में रह रहे 40 लाख से अधिक लोगों के दुखों का अंत कर और उन्हें उनके घर का मालिकाना हक देकर मोदी जी ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि मोदी है तो मुमकिन है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी के नेतृत्व में अनधिकृत कॉलोनियों के प्रतिनिधियों के साथ केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, सांसद विजय गोयल, रमेश बिधूड़ी, हंसराज हंस, दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल, राजेश भाटिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय वर्मा, राजीव बब्बर एवं तीनों निगमों के महापौर मिले।

आवासीय क्षेत्रों में चल रही घरेलु औद्योगिक इकाइयों को दी राहत

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष तथा दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के सदस्य विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को

जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कारोबार में सुगमता की नीति के अनुपालन में दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सुनवाई के उपरांत आवासीय क्षेत्रों में चल रहे या नए स्थापित की जाने वाली घरेलु औद्योगिक इकाइयों को भारी राहत देने वाले संशोधन करने का रास्ता साफ हो गया है। इन संशोधनों को जल्द ही दिल्ली की मास्टर प्लान में सम्मिलित किये जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इन संशोधनों से बड़ी संख्या में चल रही तथा नई स्थापित होने वाली घरेलु औद्योगिक इकाइयों को लाल फीताशाही से मुक्ति मिल जाएगी। अब इन इकाइयों को दिल्ली सरकार के श्रम विभाग, उद्योग विभाग तथा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी से मंजूरी को समाप्त किये जाने का रास्ता साफ हो गया है। अनुमान के मुताबिक दिल्ली में रिहायशी इलाकों में हजारों की संख्या में 112 सूचियों के अंतर्गत घरेलु औद्योगिक इकाइयां चल रही हैं। इनसे जुड़े लाखों लोग अपनी आजीविका चलाते हैं।

श्रद्धालुओं को मुफ्त में करतारपुर साहिब के दर्शन करवाएंगे: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को सैद्धांतिक रूप से श्रद्धालुओं को मुफ्त में पाकिस्तान के करतारपुर स्थित ननकाना सहिब गुरुद्वारे का दर्शन कराने का फैसला लिया। यह सुविधा वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के तहत दी जाएगी। यह फैसला मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि करतारपुर साहिब की यात्रा पर आने वाले खर्च को सरकार वहन करेगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा कराने के लिए पूर्ण रूप से वित्तपोषित योजना इस साल जुलाई में लागू की थी और मौजूदा समय में 12 रूट पर मुफ्त यात्रा कराई जाती है। सीएम के मुताबिक मौजूदा दिल्ली-अमृतसर-वाघा सीमा-आनंदपुर साहिब रूट का विस्तार पाकिस्तान के करतारपुर साहिब तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली मंत्रिमंडल ने करतारपुर गलियारे (ननकाना साहिब गुरुद्वारे) तक श्रद्धालुओं को मुफ्त यात्रा कराने को लेकर सैद्धांतिक फैसला ले लिया है। दिल्ली सरकार करतारपुर साहिब की यात्रा पर आने वाले सभी खर्च वहन करेगी। संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल ने कहा कि करतारपुर साहिब की यात्रा से संबंधित सभी पहलुओं को अभी अंतिम रूप देना अभी बाकी है लेकिन दिल्ली मंत्रिमंडल ने सैद्धांतिक रूप से मुफ्त यात्रा की सुविधा देने का फैसला किया है।

योजना के तहत ये है 12 रूट

योजना के तहत 12 रूटों पर मुफ्त में तीर्थ यात्रा कराई जाती है। इनमें दिल्ली-रामेश्वरम-मदुरै, दिल्ली-तिरुपति, दिल्ली-द्वारकाधीश-नागेश्वर, दिल्ली-पुरी-कोर्णाक-भुवनेश्वर, दिल्ली-शिरडी-शनि शिंगणापुर, दिल्ली-उज्जैन-ओंकारेश्वर और दिल्ली-बोध गया-सारनाथ शामिल हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अजमेर-पुष्कर, दिल्ली-मथुरा-वृंदावन-आगरा-फतेहपुर सिकरी, दिल्ली-हरिद्वार-ऋषिकेश-नीलकंठ, दिल्ली-अमृतसर-वाघा सीमा-आनंदपुर साहिब और दिल्ली-वैष्णोदेवी-जम्मू की भी यात्रा कराई जाती है।

सीएम का किया धन्यवाद

दिल्ली सरकार द्वारा शुक्रवार को करतार साहिब के दर्शन कराने और प्रकाश पर्व के चलते 11 और 12 नवंबर को ऑड ईवन में छूट प्रदान करने के तिलक नगर से विधायक जरनैल सिंह और कालकाजी से विधायक अवतार सिंह कालका ने लिए दिल्ली सरकार और सीएम अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब पूरी दिल्ली में सिख समुदाय अपने प्रकाश पर्व को पूरी खुशियों के साथ मना सकेगा।

राजधानी की हवा अब भी 'बेहद खराब'

साइकिल से सचिवालय पहुंचे उप मुख्यमंत्री सिसोदिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की वायु गुणवत्ता शुक्रवार को 'बेहद खराब' रही और क्षेत्र में तेज हवाएं चलने की संभावना के मद्देनजर अगले तीन दिनों में इसमें भारी गिरावट की आशंका नहीं है। वायु गुणवत्ता की निगरानी और पूर्वानमुमान लगाने से जुड़ी सरकारी एजेंसी ने यह अनुमान जताया है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता बृहस्पतिवार को हल्की बारिश के बाद मौसम में नमी बढ़ने के बाद एक बार फिर 'बेहद खराब' श्रेणी में आ गई। उन्होंने कहा कि दिल्ली में तड़के (शुक्रवार) द्वितीयक कणों का बहुत कम निर्माण हुआ, लेकिन (यह) और अधिक नहीं बढ़ सकते। द्वितीयक कण वे हैं जो प्राथमिक प्रदूषकों और अन्य वायुमंडलीय घटकों जैसे सल्फर-डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के साथ जटिल रासायनिक प्रभाव से पैदा होते हैं। ये वायुमंडलीय घटक आग जलने और वाहनों के धुएं से निकलते हैं। द्वितीयक कणों में सल्फेट्स, नाइट्रेट्स, ओजोन और कार्बनिक एरोसोल शामिल हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शुक्रवार सुबह नौ बजे 350 दर्ज किया गया। गौरतलब है कि 201 और 301 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बेहद खराब' , 401 से 500 के बीच गंभीर और 500 से अधिक अति गंभीर श्रेणी में आता है।

ऑड-ईवन के पांचवे दिन कटे 500 से अधिक चालान

राजधानी में ऑड-ईवन के पांचवें दिन दिल्लीवासियों ने इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शुक्रवार सुबह उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने फिर से साइकिल से दिल्ली सचिवालय स्थित अपने ऑफिस पहुंचे। पूरे दिन सिविल डिफेंस के कर्मचारी चौराहों पर लोगों को ऑड-ईवन के प्रति जागरूक करते दिखे। रात 8 बजे तक ऑड-ईवन का पालन ना करने वाले कुल 532 वाहनों के चालान काटे गए। शुक्रवार को ईवन के दिन राजधानी के लोग ऑड वाहनों को छोड़कर कार पूल कर दफ्तर जाते दिखे। वहीं अधिकतर लोगों ने दफ्तर व अन्य जगहों पर जाने के लिए ट्रांसपोर्ट और मेट्रो का सहारा लिया। दिल्ली के हर चौराहे पर सिविल डिफेंस के कर्मचारी ऑड-ईवन का पालन ना करने वाले लोगों को समझाने में लगे रहे। पहले के अपेक्षा ऑड-ईवन के दौरान कटने वाले चालान में कमी देखी गई।

पराली जलाने से प्रदूषण है तो वाहनों को क्यों बंद कर रहें सीएम : डबास

नई दिल्ली। दिल्ली में ऑड-ईवन का असर नेताओं पर दिख रहा है। शुक्रवार को उत्तरी दिल्ली नगर निगम में पूर्व सदन नेता व रानीखेड़ा वार्ड से निगम पार्षद जयेंद्र डबास नरेला जोन वार्ड बैठक में बाईक से पहुंचे। इस दौरान पार्षद डबास ने दिल्ली सरकार पर नौटंकी के आरोप लगाते हुए बताया कि पिछले करीब पांच साल से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नौटंकी कर रहे हैं लेकिन अब विधानसभा चुनाव को देखते हुए उनकी नौटंकी और तेज हो गई है। हालांकि सीएम केजरीवाल बार-बार कह रहे हैं कि हरियाणा व पंजाब में पराली जलाने से दिल्ली में प्रदूषण हो रहा है लेकिन इसके बावजूद भी सीएम ऑड-ईवन योजना शुरू कर वाहनों को क्यों बंद कर रहे हैं। डबास ने बताया कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। वहीं, जानकारों ने बताया कि ऑड-ईवन को लेकर कई पार्षद बैठक में नहीं पहुंच पाए। वहीं, बैठक में वार्ड समिति के अध्यक्ष सुनीत चौहान, नरेला वार्ड से पार्षद सविता खत्री ने कहा कि भवन विभाग के अधिकारी गरीबों के निर्माणाधीन मकानों को तोड़ देते हैं लेकिन बड़े निर्माणों पर कुछ नहीं करते हैं। समिति उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव ने सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने को कहा। वहीं, पार्षद आनंद, जय भगवान, पूनम डबास, सतपाल कैम, निशा मान आदि ने अवैध मीट की दुकानों पर कार्रवाई करने की मांग उठाई। बैठक में अवैध मीट की दुकानों को बंद करने, वार्डों में विकास कार्य के लिए टेंडर नहीं होने, निगम सड़कों की अवैध कटिंग, सफाई व्यवस्था जैसे मुद्दे कई पार्षदों ने उठाए। बता दें कि ऑड-ईवन के चलते कई पार्षद बैठक में नहीं आ पाये।

■ नरेला जोन वार्ड मीटिंग में बाइक से पहुंचे पार्षद

हमारे देश को नए विचारों की जरूरत है: सिसोदिया

नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में आयोजित युवा संसद के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने राजनीति को एक पत्रकार के रूप में और एक राजनेता के रूप में देखा है। आज हमारे देश को बेहतर कानून बनाने वालों की जरूरत है। हमें ऐसे नेताओं, नौकरशाहों और राजनेताओं की आवश्यकता है जो ज्वलंत समस्याओं का तुरंत समाधान कर सकें और अपने नए विचारों से समस्याओं का निदान कर सकें।

पूरे दिन खिली रही धूप

नई दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार को दिनभर बारिश का इंतजार रहा। हालांकि सुबह के समय बादलों ने डेरा डाला था लेकिन देर रात तक बारिश के लिए के लिएं इंतजार रहा। पूरे दिन धूप खिली रही। मौसम विभाग की भविष्यवाणी थी कि शुक्रवार को हल्की बारिश हो सकती है। प्रदूषण का आंकड़ा एक बार फिर ऊपर चढ़ा। निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर ने भी बारिश की भविष्यवाणी की थी। कंपनी के महेश पलावत ने बताया कि इस समय जम्मू-कश्मीर में वेस्टर्न डिस्टर्ब बना हुआ है। जिसके चलते जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल में बर्फबारी हो रही है। जबकि पंजाब, राजस्थान में बारिश की संभावना समाप्त हो रही है। जिसके बाद बर्फीली हवाएं चलेगी जो दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में सर्दी को बढ़ाने वाली होगी।

ग्रामीणों को नहीं मिल रहा बस डिपो का लाभ

दिल्ली सरकार की मनमानी पर घेराव करेंगे ग्रामीण यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के कंझावला इलाके में क्लस्टर बस डिपो खोलने के बाद भी उसका लाभ आसपास के गांवों को नहीं मिल पा रहा हैं जिसके चलते समस्त ग्रामीण दिल्ली सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। ग्रामीण परिवहन विकास मंच, उत्तर पश्चिम दिल्ली एवं चौगामा विकास समिति व सहयोगी संगठनों के पदाधिकारियों, आम लोगों की गत दिनों मुबारकपुर डबास में विजेंद्र सिंह डबास के अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इस बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। मंच के महासचिव विजेंद्र सिंह डबास ने बताया कि पिछले माह रानी खेड़ा डिपो में

क्लस्टर सेवा का अलग डिपो शुरू किया गया लेकिन आसपास के किसी भी गांव से एक भी बस सेवा शुरू नहीं की गई जिसका ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया। उन्होंने बताया कि रानी खेड़ा गांव की 19 एकड़ भूमि पर क्लस्टर सेवा के तीन डिपो बनकर तैयार है लेकिन इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने दिल्ली सरकार के प्रति रोष जाहिर करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ग्रामीणों की अपेक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि क्या ये डिपो केवल पार्किंग व प्रदूषण फैलाने व क्षेत्र की सड़कों को तोड़ने करने के लिए बनाए गए हैं। ग्रामीण अपनी उपेक्षा तनिक भी सहन नहीं करेंगे। मंच से सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि अगर दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग ने ग्रामीणों की मांगों पर विचार नहीं किया तो रानी खेड़ा के डिपो से गाड़ियों को बाहर नहीं निकलने दिया जाएगा और यदि तब भी समाधान नहीं निकला तो दिल्ली सचिवालय का घेराव किया जाएगा। इसकी सूचना दे दी गई है। वहीं, रूट नम्बर 106, 114 और 125 की बसों पर रूट अंकित नहीं होने से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

'निर्भया' गैंगरेप मामला

एक दोषी ने राष्ट्रपति के समक्ष दायर की दया याचिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में हुए 'निर्भया' सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्या के एक दोषी विनय शर्मा ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के समक्ष दया याचिका दायर की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शर्मा इस समय तिहाड़ जेल में कैद है। वह 16-17 दिसंबर 2012 की दरमियानी रात में दक्षिण दिल्ली में चलती बस में 23 वर्षीय पैरामेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्या करने का दोषी है। इस अपराध को एक नाबालिग सहित छह लोगों ने अंजाम दिया था और पीड़िता को सड़क के किनारे फेंक दिया था। दिल्ली जेल के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शर्मा ने दया याचिका दायर की है जबकि इसी मामले में दोषी मुकेश और अन्य ने दया याचिका दायर करने से इनकार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि जेल अधीक्षक ने 29 अक्टूबर को चार दोषियों को नोटिस जारी कर कहा था कि इस नोटिस की पावती मिलने के बाद केवल सात दिन दया याचिका दायर करने के लिए हैं। सूत्रों ने बताया कि अगर दया याचिका दायर नहीं की जाती है तो जेल प्रशासन 'डेथ वारंट' (मृत्यु अधिपत्र) जारी कराने के लिए अदालत से संपर्क कर सकता है। उल्लेखनीय है कि निर्भया की मौत 29 दिसंबर 2012 को सिंगापुर स्थित माउंट एलिजाबेथ अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई थी। मामले में एक आरोपी राम सिंह ने जेल में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी जबकि एक अन्य आरोपी नाबालिग था और हत्या एवं दुष्कर्म के मामले में अधिकतम तीन साल तक सुधारगृह में रहने की सजा काट चुका है। तीन दोषी इस समय तिहाड़ जेल में कैद हैं जबकि एक दोषी मंडोली जेल में है।

खबर संक्षेप

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए मॉडल

गुरुग्राम। सेक्टर 34 स्थित डीपीजी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में जिले के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य मुख्य अतिथि के रुप में आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर डा. केके चौधरी एवं डा. लाजपत राय शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में डीपीजी आईटीएम कॉलेज के प्रिंसिपल डा. प्रहलाद सिंह ने संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करवाया। डा. लाजपत राय ने विज्ञान प्रदर्शनी को महाविद्यालय और विद्यालय के बीच एक सेतु बताया।

उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी इंजीनियर्स को राष्ट्र निर्माण में बहुत ही सहायक होगी। एक इंजीनियर भी मानवतावादी होता है। क्योंकि, वह समाज की विड्डिान्न समस्याओं में सहायता करता है। उन्होंने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि प्रत्येक इंजीनियर को शुरूआत में एक प्रोजेक्ट देना चाहिए। जिसको वह चार वर्ष में पूरा कर सके।

कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

फरीदाबाद। आदर्श नगर थाना एरिया में करीब 35 वर्षीय एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जहां उसका पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय धर्मपाल साईकिल पर सवार होकर अपने किसी कार्य से जा रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही वह आदर्श नगर मंदिर के समीप पहुंचा, तो अज्ञात कार चालक ने उसकी साईकिल में टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसको घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया। जिसको डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मारपीट के पांच आरोपी बरी

गुरुग्राम। मारपीट के मामले की सुनवाई करते हुए चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट नरेंद्र सिंह की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के अभाव में पांचों आरोपियों को बरी कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता पंडित अरुण शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जैकबपुरा के महेश कुमार ने वर्ष 2017 की 14 अगस्त को शहर थाना पुलिस में शिकायत दी थी कि 6 अगस्त को संजय आदि से गाड़ी खड़ी करने को लेकर कहासुनी हो गई थी। बाद में संजय अपने साथियों दिनेश, दलीप, गोविंद व राहुल को लेकर उसके घर आया और उन्होंने उसके पिता राजकुमार, पत्नी प्रीति आदि पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल होना पड़ा था।

एमआर फेस्ट रिजरेक्शन 2019 का आयोजन

फरीदाबाद। मानव रचना शैक्षणिक संस्थान में दो दिवसीय कॉलेज रिजरेक्शन 2019 फेस्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान दिल्ली-एनसीआर के करीब 50 कॉलेज के छात्रों ने हिस्सा लिया।

बैंड प्रतियोगिता में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल अव्वल

गाजियाबाद। सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में 'बैंड ओ मेनिया' प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में करीब एक दर्जन स्कूलों की बैंड टीम ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पहला स्थान एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, वसुंधरा ने हासिल किया।

केन्द्रीय मंत्री ने तीन दिवसीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया

खेल अनुशासन की बुनियाद: गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि खेल अनुशासन की बुनियाद और सीख लेने की सीढ़ी है। जीतने वाले खिलाड़ी से हारने वाला खिलाड़ी सीख लेकर भविष्य में जीत के लिए प्रेरणा लेता है ।

मंत्री गुर्जर शुक्रवार को स्थानीय सेक्टर-12 में तीन दिवसीय खेल महाकुंभ के राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता का शुभारंभ अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों से आए एथलेटिक पुरूष व महिला खिलाड़ियों से मार्च पास्ट की स्लामी ली और ध्वजारोहण कर खेलों के विधिवत शुभारंभ की घोषणा भी की।

उन्होंने अपने संबोधन में खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों तथा प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत लोगों को स्वस्थ रखने के लिए की है। मनुष्य को लम्बी आयु और स्वस्थ शरीर के लिए दिनचर्या में खेलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजनीति भी एक खेल है । इसके भी अन्य खेलों की तरह नियम और अनुशासन है। खिलाड़ी को हमेशा अनुशासन में रहकर खेलना चाहिए। खेल में जीतने वाले खिलाड़ी से हारने वाले खिलाड़ी को प्रेरणा मिलती है, इसलिए खिलाड़ी आपस में एक दूसरे के लिए प्रेरणा के स्त्रोत होते हैं। गुर्जर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार की खेल नीति की बदौलत से ही हरियाणा के खिलाड़ियों ने खेलों में विश्व में अलग पहचान बनाई है। ओलंपिक, पैरा ओलम्पिक, एशियाई खेलों में मेडल जीतने वाले हरियाणा के खिलाड़ियों को सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाता है। इसके अलावा सरकारी नौकरियों में भी खिलाड़ियों को अलग से कोटा देकर नौकरियां दी जा रही है। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के नोडल अधिकारी कम एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार ने मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर का स्वागत किया। उन्होंने राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ एथलेटिक प्रतियोगिता की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों से लगभग एक हजार पुरूष व महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रशासन व पुलिस द्वारा किए गए व्यापक प्रबंधन और व्यवस्था बारे भी जानकारियां दी।

खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग के उप निदेशक गंगादत्त तथा जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी विनोद बाला ने भी मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया। इस अवसर पर वजीर सिंह डागर, सन्दीप सिंह सहित प्रदेश भर के एथलेटिक खेल प्रशिक्षक एखिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित थे ।

राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ-2019 शुरू

गुरुग्राम। उपायुक्त अमित खत्री ने नेहरू स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ-2019 का शुभारंभ किया। आगामी दस नवंबर तक चलने वाले इस महाकुंभ में ताइक्वांडो व तीरंदाजी को शामिल किया गया है। उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों को मादक पदार्थों का सेवन ना करने को लेकर शपथ दिलाई। उन्होंने खिलाड़ियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे खेल को हार-जीत की भावना से उपर उठते हुए खेल भावना से खेलें। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत होना स्वाभाविक है लेकिन खिलाड़ी अपनी हार से सीख लें और आगे कड़ी मेहनत करते हुए मैदान में उतरें। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की और कहा कि वे अपने बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज के इस भौतिक युग में ज्यादातर बच्चे टीवी व मोबाइल देखने में लगे रहते है जो उनके बौद्धिक व मानसिक विकास में सबसे बड़ी रूकावट है। खेल प्रत्येक व्यक्ति के लिए जरूरी है ताकि हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें।

पासिंग आउट परेड में बोलीं वित्तमंत्री

देश को सर्वोपरि समझें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

सेक्टर-29 में आयोजित आईआरएस कैडेट्स की 69वीं पासिंग आउट परेड शुक्रवार को संपन्न हुई।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। मुख्य अतिथि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैडेट्स से कहा कि वह देश को सर्वोपरि समझें। आप अधिकारी हैं, लेकिन अपने वातावरण को ऐसा रखें कि आपके पास आने वाले व्यक्ति को सुविधाएं मिले। आप उन पर कानून नहीं लादे, बल्कि उन्हें कानून समझाएं। लोगों को अच्छी सुविधाएं और माहौल देने के लिए आपको काम करना होगा। सेंट्रल बोर्ड ऑफ एक्साइज एंड कस्टम (सीबीआईसी) के चेयरमैन प्रणब कुमार दास ने पास आउट सभी 104 कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि दिसंबर तक आप सभी देश सेवा के लिए तैनात कर दिए जाएंगे। दो साल के प्रशिक्षण के दौरान आप सभी का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। अब देश सेवा की बारी है। समारोह में मौजूद कैडेट्स के परिजनों को बधाई देते हुए चेयरमैन ने कहा कि यह सभी के लिए खुशी का पल है। उन्होंने बताया कि दो साल चले इस प्रशिक्षण में कुल 109 कैडेट्स ने भाग लिया था। इसमें से पांच भूटान के थे।

उन्होंने बताया कि कुल कैडेट्स में महिला कैडेट्स की संख्या 22 प्रतिशत रही। चेयरमैन प्रणब कुमार दास ने बताया कि दो साल के दौरान सभी कैडेट्स को बॉर्डर सिक्योरिटी, आर्म्स, साइबर क्राइम, एयरपोर्ट सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

होटल में महिला से किया बलात्कार

पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला यूपी भेजा

फरीदाबाद। यूपी के कोसी शहर में रहने वाले अपने रिश्तेदार के घर जा रही महिला से बृहस्पतिवार को परिचित युवक ने होटल में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। रेप करने के बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। महिला ने इस मामले की शिकायत पुलिस को दी। महिला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार बल्लभगढ़ शहर के आदर्श नगर में रहने वाली 34 साल की महिला ने दी शिकायत में बताया कि उसके कुछ रिश्तेदार यूपी के कोसी शहर में रहते हैं। बृहस्पतिवार को वह उनसे मिलने के लिए कोसी जा रही थी। जब वह पलवल पहुंची, तो उसे वहां पर उसका परिचित युवक नरेश मिल गया। नरेश ने महिला को बताया कि वह भी कोसी जा रहा है। जिस पर महिला उसके साथ कोसी चली गई। आरोप है कि आरोपित युवक उसे बहाने से कोसी स्थित होटल में ले गया। आरोप है कि होटल में उसे पीने के लिए कोल्ड ड्रिंक दी। जिसे पीकर वह बेहोश हो गई और आरोपित युवक ने उसके साथ रेप किया। रेप के बाद आरोपी ने उसे किसी को बताए जाने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला शाम को अपने घर पहुंची और परिजनों को घटित मामले के बारे में बताया। जिस पर महिला थाना पुलिस को शिकायत दी गई।

जांच अधिकारी सुनीता ने बताया कि इस मामले में आरोपित युवक के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर कोसी पुलिस के पास भेज दिया है। कोसी में घटित मामले की जांच वहीं की पुलिस करेगी।

ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली शर्ट व नकली शक्तिवर्धक दवा को ऑनलाइन बेचकर ठग रहे दो लोग गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा में डिजिटल ठग ब्रांडेड कंपनी कुटोन्स की नकली शर्ट और मोटापा कम करने तथा शक्ति बढ़ाने की दवाएं ऑनलाइन बेचकर लोगों को कथित रूप से चूना लगाने को लेकर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने सेक्टर 11 में छापा मारकर दोनों को गिरफ्तार किया है। वहां क्रियेटिव क्राफ्टस नामक उनकी कंपनी से नौ लैपटॉप, एक हार्ड डिस्क, एक सीपीयू, एक टीएफटी, एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस ने सेक्टर 7 में आरोपियों के गोदाम से भारी मात्रा में नकली शर्ट और मोटापा कम करने, शक्तिवर्धक दवा भी बरामद की हैं। पुलिस ने सिटी मजिस्टेट शैलेंद्र मिश्रा की उपस्थित में गोदाम को सील कर दिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वैभव कृष्ण ने बताया कि पुलिस ने पारूल गर्ग उर्फ पंकज और विपिन गर्ग नामक दोनों कथित ठगों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया । अदालत ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वैभव कृष्ण ने बताया दोनों आरोपी आपस में भाई हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे टिक-टॉक पर ऑनलाइन विज्ञापन देकर कुटोन्स कंपनी की टी-शर्ट को 999 रुपए में बेचने का दावा करते थे और ग्राहकों से ऑनलाइन कैश लेकर नकली टी-शर्ट भेज देते थे।

ट्रक चालक से लूट

नोएडा। नोएडा में थाना दनकौर क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस- वे पर शुक्रवार तड़के हथियारबंद बदमाशों ने एक ड्राइवर से उसके ट्रक की बैटरी एवं 10 हजार रुपए लूट लिए और थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के महामाया फ्लाईओवर के पास भी बदमाशों ने एक प्रोफेसर एवं उसके बेटे को अपनी कार में लिफ्ट देकर उनके साथ मारपीट की, उनके नगद, सोने की अंगूठी एवं अन्य कीमती सामान लूट लिये। एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि ड्राइवर सुरेंद्र अपना ट्रक जेवर से नोएडा ला रहा था, तभी थाना दनकौर क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे पर हथियारबंद अज्ञात बदमाशों ने उसका ट्रक रुकवा लिया। बदमाशों ने ट्रक चालक के साथ मारपीट करके उसके 10 हजार रुपए नगद एवं ट्रक की बैटरी ले ली।

गाजियाबाद में ज्वलनशील पदार्थों की खुली बिक्री पर लगाई रोक

अयोध्या मामले के मद्देनजर कई जगह शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

अयोध्या मामले पर सुप्रीम कोर्ट के संभावित निर्णय के मद्देनजर जिला प्रशासन में पुलिस पूरी तरह से मुस्तैदी बनाए हुए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को एसडीएम सदर ने पेट्रोल, तेजाब व अन्य ज्वलनशील पदार्थों की खुली बिक्री पर रोक लगा दी है, वही अनेक स्थानों में शांति समिति की बैठकों का आयोजन किया गया और लोगों से अपील की गई कि वह चाहे किसी भी धर्म से हो सुप्रीम कोर्ट का जो भी आदेश आए सभी के लिए मान्य होगा। कोई भी तत्व समाज की आबोहवा को खराब करने की कोशिश ना करें। यदि किसी ने ऐसा किया उसके खिलाफ सख्त से सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली परिसर में शुक्रवार की दोपहर को एसपी सिटी मनीष मिश्रा सुपर जोनल मजिस्ट्रेट संजय कुमार की उपस्थिति में सभी धर्म वह समुदाय के गणमान्य लोगों की एक मीटिंग हुई जिसमें इन दोनों अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लेकर विस्तृत जानकारी दी और निर्णय आने के बाद आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में द्वेष फैलाने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी और सभी को सुप्रीम कोर्ट का निर्णय मान्य होगा।

संजय सिंह ने कहा कि सभी लोग समाज में यह संदेश अपने अपने इलाके में पहुंचा दें ताकि निर्णय आने के बाद समाज में बदअमनी ना फैले। इस बैठक में शहर इमाम मुफ्ती जमीर, समाजसेवी हाजी चमन, पुलिस क्षेत्राधिकारी धर्मेंद्र चौहान समेत तमाम लोग उपस्थित थे।

नोएडा में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

नोएडा। अयोध्या मामले में उच्चतम न्यायालय का फैसला आने वाला है, उसी के मद्देनजर जिले में कानून-व्यवस्था को कायम रखने तथा सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस ने शुक्रवार को यहां फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वैभव कृष्ण की अगुवाई में शुक्रवार को थाना सेक्टर 20 से निकाला गया। यह मार्च शहर के संवेदनशील क्षेत्रों से होता हुआ आगे बढ़ा। वैभव कृष्ण ने बताया कि अयोध्या मामले पर निर्णय आने के बाद जिले में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

झपटमार को डेढ़ साल की कैद

गुरुग्राम। चलती रेलगाड़ी से बैग झपटने के मामले की सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमएम धौंचक की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए डेढ़ साल की सजा सुनाई है। ललित ने वर्ष अगस्त 2017 में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने परिवार के साथ चेतक एक्सप्रेस में अजमेर से दिल्ली आ रहा था । एक युवक खिड़की से उसका बैग झपटकर फरार हो गया था।

मसाज करने आई युवती ने लगाया लाखों का चूना

गुरुग्राम। एक युवती को अर्बन क्लेप एप से बॉडी मसाज के लिए महिला को बुलाना भारी पड़ गया। महिला ने युवती के बाथरूम में रखी पांच लाख रुपये की कीमत वाली डायमंड की अंगूठी चोरी कर ली। पुलिस ने युवती की शिकायत पर सेक्टर-29 थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डीएलएफ फेज-4 स्थित ईवायी अपार्टमेंट निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन नवंबर को उसने अर्बन क्लेप से मसाज कराने की बुकिंग की थी। हर बार आने वाली महिला की बजाय दूसरी महिला मसाज करने के लिए घर पहुंची। शाम को महिला के आने से पहले युवती ने अपनी अंगूठी, सोने के कंगन व अन्य जेवरात उतारकर बाथरूम में रख दिए। शाम छह बजे महिला मसाज के लिए आई, करीब एक घंटे के बाद महिला युवती के बाथरूम में हाथ धोने चली गई। उसके बाद वापस चली गई। चार नवंबर को युवती ऑफिस के लिए तैयार होने लगी तो उसे बाथरूम में रखी डायमंड की अंगूठी नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद भी जब अंगूठी नहीं मिली तो उसने सोसाइटी के कंट्रोल रूम में जाकर छानबीन की तो उसे पता चला कि मसाज करने के बाद महिला ने गार्ड रूम में अपना सामान रखा और बाहर चली गई। करीब पौने घंटे बाद वह ऑटो लेकर आई और गार्ड रूम में रखा सामान लेकर चली गई। युवती का आरोप है कि मसाज करने वाली महिला ने उनकी अंगूठी चुराई है। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई।

भाजपा हर धर्म का करती है सम्मान

फरीदाबाद। भाजपा विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी एक मात्र ऐसी पार्टी है जो कि हर धर्म जाति व समुदाय का एक समान सम्मान करती है, यही कारण है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा के पहले सत्र में ही यह घोषणा की है कि करतारपुर जाने वाली संगत का पूरा किराया प्रदेश सरकार वहन करेगी।

नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि इसके लिए करतारपुर जाने वाले धर्म प्रेमी जिला उपायुक्त के माध्यम से इस यात्रा के लिए आवेदन कर सकते है और पहले आओ पहले जाओ के आधार पर यह यात्रा संगत को कराई जाएगी।

निगमायुक्त ने बल्लभगढ़ जोन में किया औचक निरीक्षण

कई जगह कचरे के ढेर देख बिफरी निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फरीदाबाद नगर निगम की आयुक्त सोनल गोयल ने शहर में कूड़ा उठाने वाली ईको ग्रीन कंपनी के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जांच के लिए शुक्रवार को बल्लभगढ़ शहर के अनेकों क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया और अनेकों खत्तों पर कूड़े के ढेर पाए जाने पर कंपनी के अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई और निगम अधिकारियों को कंपनी के साथ हुए एमओयू के अनुसार जुर्माना लगाने सहित कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त के द्वारा सेक्टर-3 स्थित पेट्रोल पंप, अहीरवाड़ा स्थित सामुदायिक केन्द्र, सिंगला धर्मशाला, मोहना रोड स्थित चुंगी नंबर.5, शिव कॉलोनी स्थित सुलभ शौचालय के साथ लगते खत्तों के निरीक्षण के समय इन खत्तों पर निगम के द्वारा तैनात कए गए कर्मचारी खत्तों की निगरानी करते पाये गये जिससे कि कूड़ा फैलकर सड़क पर न आ पाए और कोई असमाजिक तत्व इसमें आग न लगा पाये। निरीक्षण के समय सुबह 11 बजे कूड़ा न उठाये जाने पर निगमायुक्त ने गहरी नाराजगी प्रकट करते हुए मौके पर उपस्थित ईको ग्रीन अधिकारियों को तीखे अंदाज में यह चेतावनी दी कि उनकी इस कार्यशैली को नगर निगम प्रशासन अब कतई भी बर्दाश्त नहीं करेगा और यदि एक-दो दिन के अंदर कंपनी ने खत्तों की संख्या कम करते हुए सभी खत्तों से दिन में दो बार कूड़े का उठान शुरू नहीं किया गया तो कंपनी के विरूद्ध कड़ी कारर्रवाई करने के लिए सरकार को लिख दिया जाएगा। ईको ग्रीन कंपनी के अधिकारियों ने निगम अधिकारियों के साथ मिलकर उक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने का आश्वासन निगमायुक्त को दिया। निगम के अधीक्षण अभियंता बीरेन्द्र कर्दम, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उदयभान शर्मा, कार्यकारी अभियंता दीपक किंगर, श्याम सिंह, सहायक अभियंता सुरेन्द्र खट्टर व सफाई निरीक्षक राजेन्द्र सिंह दहिया, बृजमोहन शर्मा और ईको ग्रीन कंपनी के प्रोजेक्ट हैड रवि त्रिवेद्वी, सहायक महाप्रबंधक अनन्त कुमार, बल्लबगढ़ जोन इंचार्ज भूपति मंगला आदि निगमायुक्त के इस औचक निरीक्षण में साथ थे।

28 लोगों से आठ लाख रुपये का जुर्माना वसूला

फरीदाबाद। फरीदाबाद में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए निगमायुक्त सोनल गोयल के निर्देश पर फरीदाबाद नगर निगम प्रशासन के द्वारा निर्माणाधीन भवनों और खुले में पड़ी हुई भवन सामग्री से संबंधित निरीक्षण किए गए, जिसमें से दोषी पाये गये लोगों से आठ लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। कूड़ा डालने से संबंधित 439 स्थानों का निरीक्षण किया गया जिनमें से 210 लोगों के चालान किए गए। 28 लोगों से कूड़ा जलाने के कारण एक लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

36 लोगों पर कार्रवाई, लगा एक लाख रुपये का जुर्माना

गुरुग्राम। पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम एवं नियंत्रण) प्राधिकरण के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा क्षेत्र में ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान यानी ग्रेप की पालना नहीं करने वाले उल्लंघनकर्ताओं पर कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम के आयुक्त एवं जिला उपायुक्त अमित खत्री ने बताया कि नगर निगम की टीमों द्वारा रात-दिन क्षेत्र की निगरानी करते हुए 36 व्यक्तियों पर एक लाख, 33 हजार, 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इनमें सीएंडडी वेस्ट संबंधी गतिविधियों के मामले में नौ व्यक्तियों पर 55 हजार, 500 रुपये, कचरा जलाने के मामले में चार व्यक्तियों पर 20 हजार रुपये और अन्य अवहेलनाओं के तहत 23 व्यक्तियों पर 58 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है।

हो रहा पानी का छिड़काव

नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक सड़कों पर पानी का छिड़काव करने के लिए 15 वाटर टैंकर और चार दमकल वाहन लगाए गए हैं। इनके द्वारा 110.50 किलोमीटर क्षेत्र में सड़कों और पेड़ों पर पानी का छिड़काव किया गया है। नगर निगम के आयुक्त अमित खत्री ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि वे प्रदूषण बढ़ाने वाली कोई भी गतिविधियां न करें, जिनसे ग्रेप का उल्लंघन होता है।

उल्लंघन किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं

नगर निगम और जिला प्रशासन ग्रेप का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। ऐसा करने वालों के चालान करने के साथ ही संबंधित नियमों के तहत एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आग जलाने वालों, निर्माण गतिविधियों, कचरा एवं मलबा फेंकने वालों, बिना ढकी निर्माण सामग्री रखने और टांसपोर्ट करने वालों, तंदूर में कोयला व लकड़ी जलाने वालों सहित अन्य प्रकार की प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधियां करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

एचटेट में दो लाख 83 हजार 878 भावी अध्यापक देंगे परीक्षा

कैमरामैन, जैमरमैन, बॉयोमेट्रिक, सीसीटीवी प्रतिनिधियों को पहचान-पत्र जारी

- प्रदेशभर में 16 व 17 नवम्बर को आयोजित होगी हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा
- लेवल-1 में 85,322, लेवल-2 में 1,08438 तथा लेवल-3 में 90118 अभ्यर्थी शामिल होंगे

भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते बोर्ड चेयरमैन व सचिव। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

16 व 17 नवम्बर को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा में प्रदेशभर के 2 लाख 83 हजार 878 परीक्षार्थी देंगे। उक्त परीक्षार्थी 959 परीक्षा केन्द्रों पर प्रविष्ठ होंगे। 16 नवम्बर को लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा के लिए 307 परीक्षा केंद्र तथा 17 नवम्बर को लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा के लिए 360 परीक्षा केंद्र एवं लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा के लिए 292 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष जगबीर सिंह ने बताया कि लेवल-1 (पीआरटी) में 85,322, लेवल-2 (टीजीटी) में 1,08,438 तथा लेवल-3 (पीजीटी) में 90,118 अभ्यर्थी शामिल होगें।

हर जिले में होगा नियंत्रण कक्ष

बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि 15 नवम्बर से 17 नवम्बर तक सभी जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में भी एक कंट्रोल रूम स्थापित किये गये हैं। इस कंट्रोल रूम पर नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय के एक अधिकारी, दो कर्मचारी तथा एक चतुर्थ श्रेणी की नियुक्ति की गई है। इस कंट्रोल रूम पर नियुक्त अधिकारी बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम से सीधा संपर्क बनाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि नियुक्त किये गए अधिकारी कर्मचारियों की सूची बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित नियंत्रण कक्ष में भेजी जानी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह कंट्रोल रूम अपने-अपने जिले के सभी उड़नदस्तों की निरीक्षण रिपोर्ट लेगा तथा इस रिपोर्ट को कंसोलिडेट करते हुए परीक्षा वाले दिन ही बोर्ड में स्थापित नियंत्रण कक्ष को भेजेगा। सभी जिला शिक्षा अधिकारी उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रमुख केन्द्र अधीक्षक, केन्द्र अधीक्षक एवं प्रशासनिक एवं राजपत्रित अधिकारियों की परीक्षा से पूर्व तिथि, समय एवं स्थान सुनिश्चित करते हुए बैठक आयोजन करवाएंगे।

10वीं-12वीं परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 11 से

भिवानी। हरियाणा मुक्त विद्यालय की सेकेंडरी तथा सीनियर ससेकेंडरी परीक्षा मार्च-2020 के लिए सीटीपी रि-अपीयर-अतिरिक्त विषय-आंशिक अंक सुधार पूर्ण विषय के अंक सुधार कैटेगरी के लिए 11 नवम्बर से ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने को बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षार्थी समय रहते ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित कर लें। आवेदन पंजीकरण की तिथियों से अभिप्राय है कि सफल पंजीकरण के साथ-साथ निर्धारित परीक्षा शुल्क का बोर्ड के निमित बैंक खाते में जमा होना। यह जानकारी देते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिंह एवं सचिव राजीव प्रसाद, एचसीएस ने बताया कि जो परीक्षार्थी सेकेंडरी (मुक्त विद्यालय) के अंतर्गत सीटीपी कैटेगरी के लिए प्रायोगिक विषय/विषयों के केवल 100 रुपये अलग से निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 11 नवम्बर, 2019 से 10 दिसम्बर, 2019 तक बिना विलम्ब शुल्क सहित निर्धारित परीक्षा शुल्क 950 रुपये 100 रुपये विलम्ब शुल्क सहित 11दिसम्बर, 2019 से 17 दिसंबर, 2019 तक कुल फीस 1050 रुपये 300 रुपये विलम्ब शुल्क सहित 18 दिसंबर, 2019 से 24 दिसंबर, 2019 तक कुल फीस 1250 तथा 1000 विलम्ब शुल्क सहित 25 दिसंबर, 2019 से 31 दिसंबर, 2019 तक कुल फीस 1950 के साथ कर सकते हैं।

दिव्यांग को मिलेगा राइटर

चेयरमैन ने बताया कि ऐसे नेत्रहीन अशक्त अभ्यर्थी जिनकी 40 प्रतिशत या अधिक है, जो अपने हाथ से लिखने में असमर्थ हैं व लेखक लेना चाहते हैं/लेखक न लेकर अतिरिक्त समय लेना चाहते हैं, वे अभ्यर्थी आवश्यक दिशा-निर्देश एवं एसपीएल.-1 व एसपीएल.-2 प्रोफार्मा बोर्ड वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। जो अभ्यर्थी लेखक लेना चाहते हैं, वे परीक्षा आरम्भ होने से पूर्व बोर्ड कार्यालय को ई-मेल या व्यक्तिगत तौर पर आकर अवश्य सूचित करेंगे।

मंगलसूत्र पहनने व सिंदूर लगाने की होगी छूट

अध्यक्ष ने बताया कि महिला अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र पहनने, बिन्दी व सिंदूर लगाने की ही छूट होगी। अन्य किसी प्रकार जैसे अंगूठी, चैन, बालियां आदि ले जाने की स्वीकृति नहीं होगी। सिख अभ्यर्थियों को धार्मिक आस्था के चिन्ह ले जाने की अनुमति होगी। नेत्रहीन अशक्त का 20 मिनट प्रति घंटा के हिसाब से कुल 50 मिनट अतिरिक्त दिये जाएंगे। इसकी ओएमआर सीट भी अलग से लिफाफा में केंद्र अधीक्षक द्वारा भेजी जानी है।

इलेक्ट्रोनिक उपकरण मिला तो दर्ज होगी एफआईआर

बोर्ड सचिव राजीव प्रसाद ने बताया कि यदि किसी भी अभ्यर्थी के पास कोई इलेक्ट्रोनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, पेजर, ब्लूटूथ, कैल्कुलेटर, घड़ी व मुद्रित कागज अथवा किसी भी प्रकार की प्रतिबन्धित सामग्री जिसका प्रयोग अनुचित साधन के रूप में किया जा सके, तो उस अवस्था में उसका यूएमसी दर्ज किया जाएगा तथा केंद्र अधीक्षक के माध्यम से एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी।

मेटल डिटेक्टर से तलाशी ली जाएगी

अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिहं ने बताया कि अभ्यर्थियों के प्रवेश के दौरान मुख्य गेट पर मेटल डिटेक्टर द्वारा फ्रिस्किंग के माध्यम से तलाशी ली जायेगी तथा उप-केंद्र अधीक्षक द्वारा अभ्यर्थियों के पहचान-पत्र व एडमिट कार्ड की जांच करते हुये परीक्षा केंद्र में प्रवेश करवाया जायेगा। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्र पर लगातार विडियोग्राफी होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर भी लगाए गए हैं।

पंजाब में पराली जलाए जाने के मामले में कोर्ट का फैसला लागू करने का आदेश

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने शुक्रवार को राज्य के कृषि विभाग को खेतों में फसल के अवशेष नहीं जलाने वाले छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उच्चतम न्यायालय के आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू करने के तौर-तरीकों पर काम करने का निर्देश दिया है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने खेतों में ठूंठ जलाने पर लगाये गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। शीर्ष न्यायालय के आदेशों के निहितार्थ पर चर्चा के लिए कैप्टन ने एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा जो जीएसटी के कारण पहले से ही आर्थिक समस्या का सामना कर रहा है।

सोनिया व उनके परिवार की एसपीजी सुरक्षा वापस लेने की अमरिंदर ने आलोचना की

चंडीगढ़। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके दोनों बच्चों राहुल एवं प्रियंका की एसपीजी सुरक्षा वापस लिये जाने के केंद्र सरकार के फैसले की कड़ी निंदा करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने शुक्रवार को इसे पूरी तरह ''राजनीति से प्रेरित'' बताते हुए इस फैसले को वापस लेने और सुरक्षा बहाल करने की मांग की। पंजाब के मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से अपने फैसले पर दोबारा विचार करने का आग्रह किया है।

खास तौर से देश में मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए, जब सीमा पार से आतंकवादियों के हमले का खतरा रोज बढ़ रहा है। अमरिंदर ने कहा कि सोनिया गांधी के पति और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और उनकी सास तथा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की नृशंस हत्या को ध्यान में रखते हुए, गांधी परिवार को एसपीजी की सुरक्षा कोई राजनीतिक कृपा नहीं बल्कि जरूरत थी।

- केंद्र से अपने फैसले पर दोबारा विचार करने का आग्रह किया

कुछ महीने पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की एसपीजी सुरक्षा वापस लिये जाने को याद करते हुए कैप्टन ने कहा कि इन दोनों में से कोई भी फैसला जमीनी वास्तविकता के आधार पर नहीं किया गया।

लुधियाना में फाइनेंस की दुकान से 12 लाख लूटे

लुधियाना। शहर के मिलर गंज एरिया में फाइनेंस की दुकान से लुटेरों ने 12 लाख रुपये लूट लिए। लुटेरे मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फाइनेंस की दुकान पर काम करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि बाइक पर तीन लोग अचानक दुकान पर पहुंचे और हथियार दिखाकर गल्ले से 12 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। बाइक पर पहुंचे तीनों लुटेरों ने हेलमेट पहने हुए थे, जिस कारण दुकान में काम करने वाले लोग उन्हें पहचान नहीं सके। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है और जांच पड़ताल की जा रही है। डीसीपी एसपीएस ढींढसा, एसीपी संदीप सिंह व अन्य अधिकारी भी फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे हुए हैं। पुलिस आसपास की दुकानों की सीसीटीवी फुटेज जांच रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपित हेलमेट लगाकर हथियारों से लैस होकर लूट करने आए थे। आसपास के इलाके के लोगों और दुकानदारों से भी पूछताछ की जा रही है।

दुष्कर्मी को दस साल की सजा व जुर्माना

यमुनानगर। छात्रा को अगवा कर दुष्कर्म करने के दोषी को अदालत ने दस साल की कठोर कारावास व 18 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपित को अतिरिक्त सजा भुगतने के आदेश दिए गए हैं। यह फैसला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एक्सक्ल्यूसीव कोर्ट फॉर हिनियस क्राइमस एंगेस्ट वुमैन एंड चिल्ड्रन यमुनानगर-जगाधरी) की अदालत ने सुनाया है।

वर्ष 2019-20 के लिये महाविद्यालय कैंटीन अनुबंध हेतु निविदा सूचना

वर्ष 2019-20 में 31 अगस्त 2020 तक कैंटीन अनुबंध हेतु मोहरबंद लिफाफे के तहत आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। कैंटीन अनुबंध से सम्बन्धित सम्बद्ध विवरण महाविद्यालय कार्यालय से कार्यालय समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। महत्वपूर्ण तिथियां और जानकारी नीचे वर्णित है :
1. बोलियां जमा करने की अन्तिम तिथि : 23.11.2019 अप. 3.00 बजे से पूर्व।
2. बोलियां खुलने की तिथि : 25.11.2019 को पूर्वा. 11.00 बजे
3. निविदा शुल्क : 200/-

प्राचार्य
राजकीय महिला महाविद्यालय,
रेवाड़ी
पीआरडीएच-1031/11/452/1920/79124 दि. 08.11.19

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

सत्र 2019-20 हेतु एम.फिल./पीएच.डी. और यूआरएस के अवार्ड हेतु प्रवेश की अन्तिम तिथि में विस्तार
(विज्ञा. सं. पीआर-17 ऑफ 2019)

सत्र 2019-20 हेतु एम.फिल./पीएच.डी. कार्यक्रमों और विश्वविद्यालय अनुसंधान छात्रवृत्ति (यूआरएस) के अवार्ड के लिये प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 15.11.2019 तक बढ़ा दी गई है। तदापि विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं का कार्यक्रम और काउंसलिंग अपरिवर्तित रहेंगे। सीटों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। सभी जानकारी अर्थात् पात्रता, पाठ्यक्रम और प्रवेश परीक्षा का पैटर्न, प्रवेश कार्यक्रम इत्यादि निहित विवरणिका विश्वविद्यालय वेबसाइट www.mdurohtak.ac.in पर उपलब्ध है।

रजिस्ट्रेशन से पूर्व, उम्मीदवार विवरणिका में दिये ऑनलाइन पंजीकरण हेतु दिशा-निर्देश ध्यानपूर्वक पढ़ें। इस सम्बन्ध में किसी परिवर्तन अथवा अपडेट के लिये कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट पर नियमित रूप से पधारें।

रजिस्ट्रार

चमक होल्डिंग्स लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : 55-बी, रामा रोड इंडस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-110015
CIN: L51494DL1984PLC019684
Email:chamakholdings@gmail.com

सूचना

आपके संज्ञान में यह लाया जाता है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बृहस्पतिवार 14 नवम्बर 2019 को अप. 3.30 बजे 1/1 कीर्ति नगर, मेन रोड, नई दिल्ली-110015 में आयोजित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, सेबी (अनाधिकृत व्यापार निषेध) नियमनों 2015 के तहत, कम्पनी की सिक्योरिटीज में डीलिंग हेतु ट्रेडिंग विंडो पहले ही 01 अक्तूबर 2019 से कम्पनी के 30 सितम्बर 2019 को समाप्त द्वितीय तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा के पश्चात् 48 घंटे की समाप्ति तक बंद है।

कृते चमक होल्डिंग्स लिमिटेड
हस्ता/-
दीप्ति गुप्ता
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एम. नं. ए55551
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 06.11.2019

सार्वजनिक सूचना
कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा

पराली जलने की घटनाओं एवं वायु प्रदुषण को कम करने के लिए कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा चालू वित्त वर्ष 2019-20 में सब-मिशन ओन एग्रीकल्चर मेकेनाईजेशन (समैम)/ फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम में स्ट्रॉ बेलर यूनिट (स्ट्रॉ बेलर, हे रेक तथा स्लेशर / शरब मास्टर) सिरसा, फतेहाबाद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र एवं जींद जिले के किसान भाइयों को अनुदान पर उपलब्ध करवाए जाने का निर्णय लिया गया है। अतः सभी उपरोक्त यन्त्र निर्मातओं, (जोकि भारत सरका से अनुमोदित है) से अनुरोध है कि वे अपनी स्टॉक पोजीशन कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की ईमेल (agriharyana2009@gmail.com) पर तुरंत उपलब्ध करवाएं ताकि हरियाणा राज्य में फसल अवशेष प्रबंधन सफलता पूर्वक किया जा सके।

महानिदेशक,
कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
पीआरडीएच-1004/11/247/1920/79112 दि. 07.11.19

सभी सरकारी कर्मचारियों के दस्तावेजों की होगी जांच

- सीएम का ऐलान, 10वीं-12वीं की मार्कशीट की जांच होगी
- सीबीआई ने फर्जी बोर्ड का खुलासा किया था

चंडीगढ़। प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के दस्तावेजों की जांच होगी। जिसके दस्तावेज फर्जी पाए जाएंगे। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएम मनोहर लाल ने यह निर्देश दिए हैं। सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की 10वीं,12वीं की मार्कशीट और सर्टिफिकेट की जांच करेगी। दरअसल सीबीआई द्वारा एक फर्जी बोर्ड का खुलासा किए जाने के बाद सरकार ने यह फैसला लिया है। सीबीआई की जांच में खुलासा हुआ था कि एक फर्जी बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन ग्वालियर, मध्य प्रदेश के नाम से चल रहा है। इस फर्जी बोर्ड के द्वारा पूरे देश में सैकड़ों 10वीं और 12वीं के मार्कशीट और सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं।

ऐसे हुआ भंडाफोड़

इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने फर्जी बोर्ड का भंडाफोड़ किया। इसके बाद हरियाणा की मुख्य सचिव ने सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागों के अध्यक्षों को कर्मियों के शैक्षणिक डॉक्यूमेंट जांच करने के दिए आदेश दिए हैं।

तो बर्खास्त होंगे

फर्जी सर्टीकेट पाए जाने पर तुरंत बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी। फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर हरियाणा के तमाम कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिला लेने वालों पर भी कार्रवाई कार्रवाई की जाएगी।

लुधियाना में मालिक ने खुद पर छिड़का पेट्रोल, लौटे अधिकारी

लुधियाना। नौघरा में अवैध अतिक्रमण को हटाने गई नगर निगम की टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। नगर निगम की टीम शहीद थापर के घर के पास अतिक्रमण को हटाने के लिए नौघरा पहुंची थी। नगर निगम की टीम जब अतिक्रमण को हटाने लगी तो मकान मालिक ने इसका विरोध किया। विरोध के दौरान मकान मालिक ने खुद पर पेट्रोल डाल लिया और जमकर हंगामा किया। विरोध के चलते नगर निगम की टीम को बिना कार्रवाई के ही वापस लौटना पड़ा। बता दें कि संबंधित जगह का रास्ता खोलने को लेकर कोर्ट में केस चल रहा है। कोर्ट के आदेशों के बाद ही नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची थी।

चरखी दादरी: ट्राले की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत

चरखी दादरी। बौंद कलां के पास शुक्रवार दोपहर बाद ट्राले की चपेट में आने से साइकिल सवार दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों बौंद कलां गांव के रहने वाले थे। स्कूल की छुट्टी के बाद साइकिल पर घूमने के लिए निकले थे। हादसे की सूचना के बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए दादरी सिविल अस्पताल में रखवाया है। पुलिस ने घटनास्थल से ट्राले को भी बरामद कर लिया है। बौंद कलां निवासी 13 वर्षीय तुषार व 8 वर्षीय सोनू स्कूल की छुट्टी के बाद गांव के बस स्टैंड पर आए थे। जब वे वापस घर की तरफ निकले तभी रोहतक की तरफ से आ रहे एक ट्राले ने उनकी सइकिल को टक्कर मार दी।

पुलिस ने ट्राले को कब्जे में लिया : हादसे की सूचना मिलते ही डीएसपी और बौंद कलां थाना प्रभारी हुकमचंद टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से ट्राला भी कब्जे में लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। शनिवार को पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

पैनाफिक इंडस्ट्रीयल्स लिमिटेड
CIN: L45202DL1985PLC019746
पंजी. कार्यालय : 23, द्वितीय तल, नॉर्थ वेस्ट एवेन्यू, क्लब रोड, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026
E-Mail: panafic.industrials@gmail.com
Website: www.panaficindustrialsltd.com
Tel. No.: (011) 25223481, 25221200

सूचना

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बृहस्पतिवार, 14 नवम्बर 2019 को 23, द्वितीय तल, नॉर्थ वेस्ट एवेन्यू, क्लब रोड, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026 में आयोजित की जानी निर्धारित है।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.panaficindustrialsltd.com पर उपलब्ध है और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते पैनाफिक इंडस्ट्रीयल्स लिमिटेड
हस्ता/-
सरिता गुप्ता
प्रबंध निदेशक
स्थान : दिल्ली
दिनांक : 07.11.2019
डीआईएन : 00113099

सूचना
प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

हरियाणा प्रदेश में किसानों को आर्थिक सहायता देने हेतु प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि योजना क्रियान्वित की जा रही है। जिसके अंतर्गत लाखों किसानों को इस योजना का लाभ दिया जा चुका है परन्तु कुछ किसान किन्ही कारणों से उक्त योजना का लाभ पाने से वंचित रह गये हैं। अतः ऐसे सभी किसान जिन्होंने अपना फार्म भरकर उप कृषि निदेशक के कार्यालय में जमा करवाया है या उनके बैंक खाते गलत होने के कारण अभी तक राशि प्राप्त नहीं हुई है अपने नजदीक जन सेवा केन्द्र (कोमन सर्विस सेन्टर) पर जाकर 10 नवम्बर, 2019 तक अपना पंजीकरण अथवा बैंक खाते नम्बर में गलती को ठीक करवा सकते हैं। भारत सरकार द्वारा इस कार्य के लिए निम्नलिखित फीस निर्धारित की गई है जो कि किसानों द्वारा देय होगी :
1) नये पंजीकरण के लिए 15/- रुपये।
2) रिकार्ड ठीक करवाने के लिए 10/- रुपये।
3) अपने फार्म/पंजीकरण की स्थिति जानने के लिए कोई राशि देय नहीं होगी।

उक्तलिखित राशि के अतिरिक्त कोई राशि किसान को नहीं देनी होगी। जिन किसानों ने अभी तक अपना पंजीकरण फार्म नहीं भरा है वे अपने जिले के उप कृषि निदेशक के कार्यालय में फार्म जमा कर सकते हैं।

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा, पंचकुला
टोल फ्री नं. - 1800-180-2117
पीआरडीएच-1004/11/246/1920/79084 दि. 07.11.19

कपालमोचन मेले का शुभारंभ करने से राजनेताओं को लगता है डर!

डेढ़ दशक से अधिकारी ही ऐतिहासिक मेले में पहुंच रहे

भगवान सिंह राणा ▶▶| यमुनानगर

उत्तर भारत का प्रसिद्ध एवं धार्मिक तीर्थस्थल कपालमोचन सदियों से लोगों की आस्था का केंद्र बन रहा है। मगर विंडबना है कि इस तीर्थस्थल पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हर वर्ष आयोजित होने वाले पांच दिवसीय मेले का शुभारंभ करने को राजनेता नहीं पहुंचता है और इस विशाल मेले का उद्घाटन प्रशासनिक अधिकारियों को ही करना पड़ता है। बताया जाता है कि कपालमोचन मेले का उद्घाटन करने से राजनेता डरते हैं। क्योंकि उन्हें लगता है कि जो भी राजनेता कपालमोचन मेले का उद्घाटन करने पहुंचता है तो वह शापित हो जाता है और दोबारा अपने जीवन में कभी भी चुनाव नहीं जीत पाता है।

चल रही परंपरा

वर्ष 2010 में 19 नवंबर को कपालमोचन मेले का शुभारंभ उस समय के उपायुक्त अशोक सांगवान ने किया। इस दौरान कई राजनेताओं से संपर्क किया गया था। मगर किसी भी राजनेता ने मेले का शुभारंभ करना ठीक नहीं समझा। जिसके बाद उपायुक्त को ही मेले का शुभांरभ करना पड़ा। इसी तरह वर्ष 2011 में मेले का शुभारंभ तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के अतिरिक्त प्रधान सचिव केके खंडेलवाल ने किया। वहीं, वर्ष 2012 में अंबाला मंडल आयुक्त आरपी गुप्ता ने मेले का शुभारंभ किया था। जबकि वर्ष 2013 में कपालमोचन मेले का शुभारंभ उस वक्त की अंबाला मंडल आयुक्त श्रीमती नीलम पी कासनी ने किया। वर्ष 2014 में मेले का शुभारंभ उस समय के जिला के उपायुक्त मंदीप सिंह बराड़ ने मेले का शुभारंभ किया। वर्ष 2015 व वर्ष 2016 में लगातार दो बार जिला के तत्कालीन उपायुक्त डॉ. एसएस फुलिया ने कपालमोचन मेलों का शुभारंभ किया। वर्ष 2017 में मेले का शुभारंभ अंबाला मंडल के आयुक्त विवेक जोशी ने और वर्ष 2018 में मेले का शुभारंभ तत्कालीन उपायुक्त गिरीश अरोड़ा ने किया।



विधायक रहे दूर

इस वर्ष जिले में प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के कई नुमाईदें मौजूद हैं। जिनमें जगाधरी से विधायक कंवरपाल, यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के मेयर मदन चौहान प्रमुख हैं। लेकिन इसके बावजूद किसी भी राजनेता ने कपालमोचन मेले का शुभारंभ करने की हिम्मत तक नहीं जुटाई।

शाइनवैल लीजिंग लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : फ्लैट नं. 216बी, द्वितीय तल, देविका टावर, 6, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
Website: www.shinewellleasing.com, Email Id: shinewell1984@gmail.com
Phone: 011 - 4367 5505 CIN: L65910DL1984PLC019329

30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार (सेबी (एलओडीआर) नियमनों 2015 के नियमन 47(1)(बी))

(राशि लाखों में)

विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त अर्ध वर्ष		समाप्त वर्ष
	30.09.2019	30.06.2019	30.09.2018	30.09.2019	30.09.2018	31.03.2019
	(अअंकेक्षित)	(अअंकेक्षित)	(अअंकेक्षित)	(अअंकेक्षित)	(अअंकेक्षित)	(अंकेक्षित)
प्रचालन से कुल आय	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
अन्य आय	0.25	0.25	0.25	0.50	0.50	3.69
अवधि (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(2.08)	(1.55)	(1.32)	(3.63)	(2.30)	(4.36)
कर से पूर्व अवधि (असाधारण और / अथवा असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(2.08)	(1.55)	(1.32)	(3.63)	(2.30)	(4.36)
कर के बाद अवधि (असाधारण और / अथवा असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(2.08)	(1.55)	(1.32)	(3.63)	(2.30)	(3.35)
इक्विटी तरीके का प्रयोग करने हेतु एसोसिएट्स एवं संयुक्त वेंचर लेखा	0.00	(0.19)	-	(0.20)	-	(0.01)
[अवधि हेतु (कर के बाद) तथा अन्य व्यापक आय (कर के बाद) निहित लाभ/(हानि)]	(2.08)	(1.74)	(1.32)	(3.82)	(2.30)	(3.36)
इक्विटी शेयर कैपिटल	24.90	24.90	24.90	24.90	24.90	24.90
रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार)	-	-	-	-	-	1653.88
अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु)						
1. बेसिक	(0.84)	(0.70)	(0.53)	(1.54)	(0.92)	(1.35)
2. डायल्युटेड	(0.84)	(0.70)	(0.53)	(1.54)	(0.92)	(1.35)

टिप्पणी :
1. 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु स्टैंडअलोन अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम के सम्बन्ध में जानकारी निम्नानुसार है :-

विवरण	30.09.2019 तैमाहिक	30.09.2019 अर्ध वार्षिक
टर्नओवर	0.25	0.50
कर से पूर्व लाभ	(2.08)	(3.63)
कर के बाद लाभ	(2.08)	(3.63)

2. सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक और अर्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट्स https://www.msei.in पर और कम्पनी की वेबसाइट www.shinewellleasing.com पर उपलब्ध हैं।

कृते शाइनवैल लीजिंग लिमिटेड
हस्ता/-
रणजीत सिंह
पूर्णकालिक निदेशक
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 06.11.2019
डीआईएन : 07524007

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
सार्वजनिक सूचना

पराली जलने की घटनाओं एवं वायु प्रदूषण को कम करने के लिये कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा चालू वर्ष 2019-20 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन (समैम) / फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम में स्ट्रा बेलर यूनिट (स्ट्रा बेलर, हे-रेक तथा स्लैशर / शरब मास्टर) सिरसा, फतेहाबाद, कैथल, करनाल एवं कुरुक्षेत्र जिले के किसान भाईयों को अनुदान पर उपलब्ध करवाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस स्कीम के तहत जीन्द जिला भी शामिल किया गया है। अतः इच्छुक किसान पंजीकरण फार्म सम्बन्धित उपायुक्त के कार्यालय से प्राप्त करते हुये उसके साथ ट्रैक्टर की पंजीकरण की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, जमाबंदी दस्तावेज तथा बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति सहित अपना फार्म दिनांक 08.11.2019 व 09.11.2019 तक सीधे जमा कर सकते हैं। स्ट्रा बेलर यूनिट की अनुदान राशि सीमित होने के कारण, किसानों को पहले आओ-पहले पाओ नीति के आधार पर ही चयनित किया जाएगा। जिन किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किया था वह भी उक्त तिथियों में अपनी पंजीकरण संख्या लेकर तुरन्त सम्बन्धित जिले के उपायुक्त के कार्यालय से सम्पर्क करें। किसान भाई समस्या के लिये सम्बन्धित जिले के उपायुक्त, उप कृषि निदेशक, सहायक कृषि अभियंता के कार्यालय से सम्पर्क करें अथवा कृषि विभाग के कंट्रोल रूम से 18001802117, 0172-2521900 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

पीआरडीएच-1004/11/248/1920/79118 दि. 08.11.19
महानिदेशक

खबर संक्षेप

विस चुनाव से पहले पलामू में मिले दो लैंडमाइंस

मेदिनीनगर। झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले नक्सली भी सक्रिय हो गये हैं। चुनावों के दौरान हिंसक घटनाओं को अंजाम देने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। पुलिस इनकी योजना को नाकाम करने में जुटी है। इसी अभियान के तहत पलामू जिला में शुक्रवार को दो लैंडमाइंस मिले। पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के बरनचुआ जंगल से ये दोनों लैंडमाइंस बरामद किये गये हैं। बताया जा रहा है विस चुनाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा उग्रवाद प्रभावित इलाकों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान शुक्रवार को बरनचुआ जंगल से 05-05 किलो के लैंडमाइंस बरामद हुए। सर्च ऑपरेशन जारी है।

महागठबंधन की प्रेस वार्ता में दिखा बिखराव, न आए मांझी

पटना। अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही महागठबंधन में बिखराव अब दिखने लगा है। विस चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने के जीतन राम मांझी का बयान होने का असर दूसरे दिन ही दिख गया। शुक्रवार को जब महागठबंधन व वाम दलों ने प्रेस वार्ता आयोजित की तो उसमें हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के मुखिया जीतनराम मांझी या उनके प्रतिनिधि नहीं आये। वहीं, दूसरी तरफ आरजेडी की ओर से भी प्रेस वार्ता में शामिल होने वाला कोई बड़ा नेता नहीं था। 'हम' के प्रदेश अध्यक्ष बीएल वैस्यंत्री ने कहा कि 'हम' पार्टी का एजेंडा स्पष्ट है।

अयोध्या, लखनऊ के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था करें: योगी

'सूबे में शान्ति बनाए रखने के लिए सजग रहें अफसर'

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगामी पर्वों और रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के मद्देनजर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को कानून-व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। योगी ने कहा कि प्रदेश में शान्ति हर हाल में बनाए रखने के लिए अधिकारी पूरी तरह सजग व तत्पर रहें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। शरारती तत्वों एवं माहौल खराब करने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखी जाए। सीएम ने गुरुवार देर रात को सरकारी आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडलों एवं जनपदों के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को ये निर्देश दिए। उन्होंने अयोध्या सहित प्रदेश के अन्य जनपदों में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश स्तर पर व प्रत्येक जनपद में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित कर तुरन्त संचालित करने के निर्देश दिए। ये नियंत्रण कक्ष 24 घंटे लगातार कार्य करेंगे। योगी ने अयोध्या एवं लखनऊ जनपदों के लिए एक-एक हेलीकॉप्टर की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शांति समिति की बैठकों के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों, धार्मिक गुरुओं, प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि के साथ संवाद स्थापित किया जाए व बारावफात के जुलूसों का शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित किया जाए।

सीएम ने निर्देश दिए कि पर्वों एवं त्योहारों की आड़ में अव्यवस्था, अराजकता पैदा करने वालों को बख्शा न जाए व समय रहते कार्रवाई की जाए। उन्होंने सुरक्षा कड़ी किए जाने व सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अयोध्या जनपद में साफ-सफाई व विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के अलावा अयोध्या आने-जाने वाले मार्गों पर भीड़ की स्थिति से निपटने के इंतजाम करने को कहा है।

सीएम के निर्देश

- सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अयोध्या सहित अन्य जनपदों का जाना हाल
- कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाए
- प्रदेश स्तर पर व प्रत्येक जनपद में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित कर तुरन्त संचालित करें
- नियंत्रण कक्ष 24 घंटे लगातार कार्य करेंगे

शांति के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए: मौर्य

प्रयागराज। अयोध्या मामले पर आने वाले फैसले को लेकर शुक्रवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सामने आए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद प्रदेश में शांति बनाए रखने के पुख्ता इंतजाम कर दिए गए हैं। संबंधित अफसरों को पहले ही जरूरी दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। मौर्य ने कहा कि सीएम योगी के अब तक के कार्यकाल में एक भी दंगा नहीं हुआ है। इसी तरह से अयोध्या मामले पर फैसला आने के बाद भी सूबे में कोई गड़बड़ी नहीं होगी व शांति व्यवस्था कायम रहेगी। उन्होंने जनता से आपसी भाईचारा बनाए रखने की भी अपील की। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सरकारी इंतजामों के साथ-साथ जिम्मेदार व जागरूक नागरिक खुद भी अमन व भाईचारा कायम रखने के लिए आगे आ रहे हैं।

मजहबी जज्बात को ठेस न पहुंचे: महली

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला जल्द आने वाला है व जैसा कि हम शुरू से ही संविधान के दायरे में रहते आए हैं, अतः हम सभी को ऐसा कोई भी मुशायरा या प्रदर्शन नहीं करना चाहिए जिससे किसी के मजहबी जज्बात को ठेस पहुंचे।

भावनाओं को ना पहुंचे ठेस

लखनऊ के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पुरोहित सर्वेश शुक्ला ने कहा कि वह समाज के सभी वर्गों से अपील करते हैं कि वह अदालत के फैसले का सम्मान करें। लोगों को ख्याल रखना चाहिए कि वह ऐसा कोई काम ना करें जिससे दूसरों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे।

सभी करें सम्मान: डिसूजा

लखनऊ के कैथोलिक डायोसियस के चांसलर फादर डोनाल्ड डिसूजा ने कहा कि हम लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, यहां कानून सबके लिए बराबर है अतः सभी को फैसले का सम्मान करना चाहिए।

अयोध्या फैसले को हार जीत के रूप में न लें : विहिप

बिजनौर। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपतराय बंसल ने अयोध्या रामजन्म भूमि विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के आने वाले फैसले को हार-जीत के तौर पर न लेने की अपील करते हुए कहा कि इससे किसी को भी उन्माद में आने या निराश होने की जरूरत नहीं है।

झारखंड विस चुनाव: भाजपा के खिलाफ एकजुट हुए विपक्षी

महागठबंधन के सीएम प्रत्याशी सोरेन झामुमो-कांग्रेस साथ आए, राजद रूठा

एजेंसी ⏭ रांची

- सोरेन, आरपीएन सिंह ने संयुक्त प्रेस वार्ता में की महागठबंधन की घोषणा
- पहले चरण में 6 कांग्रेस, 4 झामुमो व 3 सीटें राजद के हिस्से में आई

विपक्षी गठबंधन से झारखंड विकास मोर्चा के बाहर होने के बाद अब झामुमो और कांग्रेस मजबूती से साथ हो गए हैं पर राजद रूठ गया है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी आरपीएन सिंह ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कही व घोषणा की कि हेमंत मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। शुक्रवार को संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में झामुमो और कांग्रेस के सीनियर नेता तो दिखे लेकिन राजद की अनुपस्थिति पर खूब सवाल उठे। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी आरपीएन सिंह और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन तेजस्वी यादव की अनुपस्थिति पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। दोनों पार्टियों ने पहले चरण की सीटों की घोषणा भी कर दी। इसमें छह कांग्रेस के हिस्से आई हैं, चार झामुमो और तीन राजद सीटें राजद को मिली हैं। पहले चरण की 13 सीटों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 13 नवंबर है। इसी चरण में विश्रामपुर सीट के लिए राजद अपनी दावेदारी से पीछे हटने को तैयार नहीं है। कुछ सीटों पर झामुमो व कांग्रेस में भी जिच है और इसी कारण राजद को आवंटित सीटों की घोषणा कर दी गई लेकिन इन दोनों पार्टियों ने अगले चरणों के लिए सीटों की घोषणा नहीं की। हालांकि कांग्रेस और झामुमो में सीटों की संख्या को लेकर कोई जिच नहीं है। झामुमो को 43 और कांग्रेस को 31 सीटें दी गई हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अपने हिस्से से वामपंथियों के लिए सीट छोड़ेगी और झामुमो मासस के लिए।

टिकट के इच्छुक पार्टी फंड में दें 51 हजार रुपये का 'शगुन'

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पार्टी से टिकट पाने के इच्छुक लोगों को कहा कि उन्हें अपनी अर्जी के साथ ही पार्टी फंड में 51 हजार रुपये का 'शगुन' जमा कराना होगा। झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद पांडेय ने कहा कि उनकी पार्टी कोई कॉरपोरेट पार्टी नहीं है। उसे चुनाव लड़ने के लिए धन की जरूरत होगी व इसी को ध्यान में रखते हुए पार्टी टिकट के इच्छुक लोगों से सहयोग राशि के रूप में पार्टी फंड में 51 हजार रुपये जमा कराने को कह रही है। झामुमो का यह फैसला नया नहीं है। पिछले चुनावों में भी झामुमो ने टिकटार्थियों से सहयोग राशि ली थी। चुनाव दर चुनाव यह राशि बढ़ाई गई है। प्रारंभ में यह सहयोग राशि पांच हजार रुपये थी। बाद में वह 10 हजर रुपये, फिर 15 और फिर 21 हजार रुपये हुई। झामुमो के उम्मीदवारों की पहली सूची शीघ्र जारी की जायेगी।

लोजपा के प्रभारी वीरेंद्र कुशवाहा झाविमो में शामिल

रांची/हुसैनाबाद। झारखंड में विस चुनाव से पहले दल-बदल का दौर जारी है। शुक्रवार को पलामू के हुसैनाबाद विस में लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के प्रभारी वीरेंद्र कुशवाहा ने झारखंड विकास मोर्चा (झाविमो) का दामन थाम लिया है। रांची में मोर्चा प्रमुख बाबूलाल मरांडी के समक्ष कुशवाहा ने मोर्चा की सदस्यता ली। उम्मीद थी कि एनडीए गठबंधन के तहत हुसैनाबाद सीट लोजपा को मिल सकती है। चर्चा को बल तब मिला था, जब सांसद चिराग पासवान ने हुसैनाबाद में सभा की थी।

राशिफल 09 नवंबर 2019

डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

मेष : कार्यक्षेत्र पर काम करते समय सतर्क रहें। धन संबंधित परेशानियां दूर होंगी। सेहत में सुधार के संकेत हैं। जीवनसाथी के साथ मतभेद हो सकते हैं। अपने साथी पर शक कर सकते हैं। **शुभ अंक:** 6, **रंग :** पीच।

वृष: पढ़ाई को लेकर अपने विकल्प चुन सकते हैं। करियर के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी को उधार दिया गया पैसा वापिस होगा। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। **शुभ अंक:** 18, **रंग:** पीला।

मिथुन: करियर को लेकर संतुष्ठ महसूस करेंगे। धन संबंधित परेशानियां दूर होंगी। सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करते रहें। शांति का माहौल बनाने के लिए प्रयास करने होंगे। **शुभ अंक :** 11, **रंग:** सफेद।

कर्क: धन संबंधित मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र पर कोई महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सेहतमंद रहने के लिए अपने खानपान की आदत पर नियंत्रण रखें। **शुभ अंक:** 7, **रंग:** रोजी ब्राउन।

सिंह: कार्यक्षेत्र पर सहयोगियों के साथ बनाकर चलेंगे। आर्थिक रुप से स्थिर होने की कोशिश करेंगे। लंबे समय से चली आ रही सेहत से जुड़ी कोई समस्या दूर होगी। **शुभ अंक:** 18, **रंग:** पर्पल।

कन्या: करियर के लिहाज से समय अच्छा है। किसी चीज में किया गया निवेश फायदेमंद साबित होगा। सेहत को लेकर दिन अच्छा रहेगा। परिवार के किसी उत्सव में शामिल होंगे। **शुभ अंक:** 15, **रंग:** कॉफी।

तुला: किसी महंगी चीज की खरीददारी करेंगे। नौकरी को लेकर संतुष्ठ रहेंगे। सेहत को लेकर दिन अच्छा है। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। प्रॉप्रर्टी को देखने में सारा दिन बिता देंगे। **शुभ अंक:** 2, **रंग :** रोज।

वृश्चिक: करियर को लेकर संतुष्ठ महसूस करेंगे। किसी चीज के लिए अप्लाई किया गया लोन जल्दी पास हो सकता है। सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। **शुभ अंक:** 8, **रंग :** वॉयलेट।

धनु: निराशा से जूझ रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आज के दिन फिट, ऊर्जावान महसूस करेंगे। करीबी के साथ यात्रा पर जाकर एंजॉय करेंगे। **शुभ अंक :** 5, **रंग:** हल्का हरा।

मकर: कार्यक्षेत्र पर अपने विचारों को लागू करने के लिए दिन अच्छा है। फिजूल खर्चों को कम करने की कोशिश करें। सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। **शुभ अंक :** 17, **रंग:** गाढ़ा हरा।

कुंभ : करियर के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। सेहतमंद रहने के लिए खानपान की आदत सुधारें। परिवार के किसी बड़े सदस्य की मदद करने से लाभ होगा। **शुभ अंक :** 9, **रंग:** गोल्डन ब्राउन।

मीन: करियर के लिए दिन अच्छा रहेगा। धन लाभ के योग बन रहे हैं। सेहत में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। यात्रा से जुड़े प्लान गोपनीय रखें। किसी नई जगह शिफ्ट हो सकते हैं। **शुभ अंक :** 1, **रंग :** हल्का लाल।

: टिप्स :

1. सीढी के निचले पायदान पर एक बड़ा पौधा लगाएं। सीढी घर को दो भागों में बांटता है, इससे घर के दोनों हिस्सों मे उर्जा बंट जाती है। पौधा लगा देने से ची की उर्जा बनी रहती है और घर के दोनों हिस्से आपस में जुड़े रहते हैं।
2. एक छोटा सा चौमुखी क्रिस्टल बॉल अपने बेडरुम की छत से लगाएं और इसे नौ इंच लम्बे लाल रिबन से बांध दें। यह आपके प्यार भरे जीवन को रंग से भर देगा।

टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

रूद्रप्रयाग में दुस्साहिक वारदात

विधायक को पेट्रोल से जलाने का हुआ प्रयास

देहरादून। उत्तराखंड में रूद्रप्रयाग से कांग्रेस विधायक मनोज रावत को शुक्रवार को कथित असामाजिक तत्वों ने उनके विधानसभा क्षेत्र में पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया। पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, अशोक कुमार ने बताया कि रूद्रप्रयाग के पास अगस्तमुनि क्षेत्र में हुई इस घटना में रावत हालांकि, बाल-बाल बच गये और उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

- घटना के संबंध में दबोचे गए दो आरोपियों से हो रही पूछताछ

उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। एक व्यक्ति को विधायक रावत के गनर ने उनपर पेट्रोल डालने के दौरान ही पकड़ लिया था। दूसरे को बाद में गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रथमद्रष्टया यह मामला आपसी रंजिश का लग रहा है क्योंकि विधायक का गुरुवार को कुछ लोगों के साथ झगड़ा हुआ था।

प्रदेश की कानून-व्यवस्था चरमरा गई है: प्रीतम सिंह

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। बदमाशों के हौसले बुलंद हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच में यह पता चलना चाहिए कि इस घटना के लिए कौन जिम्मेदार है। प्रदेश अध्यक्ष ने रावत के लिये सुरक्षा की भी मांग की है।

वीवीआईपी गेस्ट हाउस कांड: बसपा ने मुलायम के खिलाफ मुकदमा वापस लेने की अर्जी दी

एजेंसी ⏭ लखनऊ

बसपा ने सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव पर 1995 के वीवीआईपी गेस्ट हाउस कांड को लेकर दायर मामला वापस लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अखिलेश यादव के आग्रह पर पार्टी महासचिव सतीश चंद्र मिश्र को निर्देश दिया कि वह मामला वापस लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल करें। माया ने दो दिन पहले लखनऊ में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक के दौरान कहा था कि जब बसपा ने लोकसभा चुनाव के लिए सपा से गठबंधन किया था तो अखिलेश ने मामला वापस लेने का अनुरोध किया था, मिश्र ने इस उद्देश्य से मामला वापस लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी थी। मिश्र ने शीर्ष अदालत में अर्जी देने की पुष्टि की है।

- अखिलेश यादव ने इस कदम के लिए मायावती को किया धन्यवाद

जून 1995 में माया से हुई थी बदसलूकी

घटना दो जून 1995 की है, जब मायावती ने मुलायम सरकार से समर्थन वापस ले लिया था, सरकार अल्पमत में आ गई थी। खबरों के मुताबिक सपा कार्यकर्ताओं ने वीवीआईपी गेस्ट हाउस में मायावती का घेराव कर दिया था। अपशब्द कहे व कथित रूप से बिजली एवं जल की आपूर्ति काट दी थी। इस दौरान भाजपा नेता ब्रहमदत्त द्विवेदी ने मायावती को बचाया था।

अखिलेश यादव ने मायावती के इस कदम के लिए उनका धन्यवाद किया है।

भाजपा से मिलकर लड़ने की भीम आर्मी की अपील बसपा ने ठुकराई

बसपा की अध्यक्ष मायावती ने भीम आर्मी के चंद्रशेखर के द्वारा बीजेपी के खिलाफ लड़ने के लिए एक साथ आने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। बसपा ने भीम आर्मी के प्रमुख चंद्र शेखर 'आजाद' द्वारा मायावती को लिखे गए पत्र को 'दलितों के मध्य भ्रम पैदा करने वाला' बताया। साथ ही चंद्रशेखर को दलितों को बांटने वाला नेता बताया। बता दें कि भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर ने बसपा अध्यक्ष मायावती के नाम चार पेज का खुला खत लिखा था। चंद्रशेखर ने माया से अपील की थी कि सारे मतभेदों को भुलाकर साथ आएं, बहुजन मूवमेंट की ताकत को बढ़ाएं।

सूचना विभाग की एलईडी वैन पंजीयन में हेरा फेरी

6 फर्मों पर एफआईआर दर्ज

लखनऊ। सूचना विभाग में एलईडी वैन के पंजीकरण प्रमाणपत्र में हेराफेरी व छेड़छाड़ मामले में छह संबंधित फर्मों के विरुद्ध लखनऊ के हजरतगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सरकार की ओर से शुक्रवार को बयान में यह जानकारी दी गई। अपर मुख्य सूचना सचिव अवनीश कुमार अवस्थी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। एलईडी वैन के वांछित पंजीकरण प्रमाणपत्र में हेराफेरी व छेड़छाड़ प्रकरण में अवस्थी ने सूचना निदेशक को संबंधित फर्मों को काली सूची में डालने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने पिछली निविदा में फर्जी अभिलेख लगाए जाने के संबंध में भी जांच के आदेश दिये हैं। एफआईआर नगर की क्रक्सा पब्लिसिटी, फिस्कान मीडिया, खेन्सा एडवरटाइजिंग, एडमायर पब्लिसिटी, मीडिया लाजिक्स व मातेश्वरी इण्टरप्राइजेज के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

नोटबंदी: बैंक की लाइन में पैदा हुए बच्चे 'खजांची' का जन्मदिन मनाया

सत्ता में वापसी करेगी पार्टी: अखिलेश

लखनऊ। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2022 में प्रदेश में अपनी पार्टी की सत्ता में वापसी पर भरोसा जताते हुए कहा कि अब कोई नोटबंदी या गुमराह करने वाला 'नशा' उन्हें व उनकी पार्टी को रोक नहीं सकता है। नोटबंदी के दौरान 3 साल पहले बैंक की लाइन में पैदा हुए बच्चे 'खजांची' के जन्मदिन पर अखिलेश ने कहा कि नोटबंदी व जीएसटी से मिले जख्म अब ज्यादा गहरे हो गए हैं।

दुमका कोषागार गबन मामला: सीबीआई ने जवाब देने के लिए अदालत से मांगा वक्त

लालू की जमानत पर 22 को सुनवाई

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड हाईकोर्ट में चारा घोटाले से जुड़े दुमका कोषागार गबन मामले में बिहार के पूर्व सीएम, राजद के मुखिया लालू प्रसाद यादव की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। लेकिन सीबीआई ने इसपर जवाब देने के लिए अदालत से वक्त मांगा, जिसके बाद सुनवाई 22 नवंबर के लिए स्थगित कर दी गई है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह ने मामले में शुक्रवार को लालू के वकीलों की दलील सुनी जिसमें मुख्य रूप से उन्होंने लालू की उम्र एवं उनके स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अपने मुवक्लिक को जमानत देने का अनुरोध किया है। अदालत में पक्ष रखने के लिए सीबीआई ने समय की मांग की जिसपर पीठ ने मामले पर सुनवाई 22 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। 25 अक्तूबर को न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह की पीठ से यादव ने मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था। इसी आधार पर आठ नवंबर (आज) की तिथि निर्धारित हुई थी। दुमका कोषागार मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने यादव को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), भ्रष्टाचार निवारण (पीसी) एक्ट के तहत सात-सात वर्ष की कैद की सजा सुनाई है।

- चार मामलों में सजायाफ्ता लालू रिम्स अस्पताल में हैं भर्ती

बीमारी का हवाला दिया

चारा घोटाले के चार विभिन्न मामलों में वह सजायाफ्ता हैं व फिलहाल बिरसा मुंडा कारागार के माध्यम से रिम्स अस्पताल में भर्ती हैं। यादव ने जमानत के लिए अपनी बीमारी का हवाला दिया है। अर्जी में कहा है कि वह रिम्स में भर्ती हैं व कई बीमारियों से ग्रसित हैं।

अनंत सिंह पर तय नहीं हुए आरोप, 13 को सुनवाई

पटना। मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह की पटना के एमपी/एमएलए कोर्ट में शुक्रवार को पेशी हुई। कोर्ट में बाहुबली विधायक अनंत पर आरोप तय होना था पर आरोप तय नहीं हो सका। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 13 नवंबर की तारीख तय कर दी है। जानकारी के मुताबिक, बेउर थाने में दर्ज मामले में आज शुक्रवार को बाहुबली विधायक अनंत सिंह, पूर्व सांसद विजय कृष्ण व रीतलाल यादव के ऊपर आरोप का गठन होना था।

वकीलों की हड़ताल की वजह से चिन्मयानंद की बेल पर सुनवाई टली

शाहजहांपुर। चिन्मयानंद की बेल पर आठ नवंबर को प्रयागराज हाईकोर्ट में सुनवाई होनी थी लेकिन दिल्ली में चल रहे वकील व पुलिस विवाद का असर उनकी जमानत पर होने वाली बहस पर पड़ गया। वकीलों की हड़ताल के कारण सुनवाई टल गई। अब 11 नवंबर के बाद ही सुनवाई संभव हो सकेगी। चिन्मयानंद केस में हर रोज कुछ न कुछ डेवलपमेंट सामने आता है। 6 नवंबर को रंगदारी मांगने की आरोपी छात्रा की जमानत टल गई। अब 29 को बेल पर सुनवाई होगी।